सुविचार

रिश्तों की सिलाई
अगर भावनाओं से
हुई है तो टूटना
मुश्किल है
और अगर स्वार्थ से
हुई है, तो टिकना
मुश्किल है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 217 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शनिवार 25 फरवरी 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

जाट महाकुंभ : कॉग्रेस-भाजपा दोनों दलों पर प्रेशर डालने की तैयारी

अब शिक्षण संस्थानों का भी मिल रहा साथ

जयपुर चलो
जाट बलवान
जय भगवान
जाट महाकुंभ
5 मार्च 2023

प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों के संगठन की बागडोर जाट नेताओं के हाथों मे

इस बार राजस्थान में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी और प्रमुख विपक्षी दल भाजपा में संगठन की बागडोर जाट नेताओं के हाथों में ही है प्रदेश भाजपा की बागडोर जहां सतीश पूनिया के हाथों में है तो प्रदेश कांग्रेस की बागडोर गोविंद सिंह डोटासरा के हाथों में है भाजपा में सतीश पूनिया का नाम मुख्यमंत्री की रेस में शामिल है तो दूसरी तरफ कांग्रेस में हालांकि अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों के बीच मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर जबरदस्त खींचतान चल रही है लेकिन इन दोनों नेताओं की लड़ाई को देखते हुए कांग्रेस हाईकमान किसी तीसरे नेता को सीएम के रूप में प्रस्तुत भी कर सकता है और अगर इस तरह की परिस्थिति बनती है तो उसमें गोविंद सिंह डोटासरा का नाम भी प्रमुखता से लिया जा सकता है और डोटासरा के नाम पर अशोक गहलोत अपनी सहमति प्रदान कर सकते हैं क्योंकि गहलोत और डोटासरा के बीच बहुत ही अच्छे राजनीतिक संबंध है कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इस बार कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों की वस्तु स्थिति के मुताबिक जाट महासभा के पास मुख्यमंत्री की कुर्सी हासिल करने के लिए एक तरह से पेनल्टी स्ट्रोक मिला हुआ है सिर्फ जरूरत इस बात की है कि अगर जाट महासभा की ओर से दमदार तरीके से दोनों ही दलों के समक्ष मजबूती से सीएम की कुर्सी के लिए अपनी बात रखती है तो निश्चित रूप से उसे सफलता भी मिल सकती है क्योंकि इस बार जाट महासभा के लिए दोनों ही दलों में अच्छा मौका हाथ लगा है सिर्फ इसे भुनाने की जरूरत है।

गरीबों का सितारा

जयपुर। प्रदेश में चालू साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इन विधानसभा चुनाव के मध्य नजर जाट महासभा की ओर से आगामी 5 मार्च को जयपुर के विद्याधर नगर में आयोजित होने वाले जाट महाकुंभ के राजनीतिक मायने भी राजनीतिक विश्लेषक निकाल रहे हैं ' भले ही जाट महासभा इस महाकुंभ को गैर राजनीतिक बता रही हो लेकिन हकीकत यही है कि इस बार जाट महासभा अपने इस महाकुंभ के माध्यम से सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी और भाजपा दोनों ही दलों पर जोरदार प्रेशर बनाकर अपने राजनीतिक मंसूबों को सफल बनाने की तैयारी में दिख रही है। जाट महासभा से जुड़े पदाधिकारी जिस तरह के बयान मीडिया में दे रहे हैं उससे साफ जाहिर होता है कि इस बार जाट महासभा की निगाहें प्रदेश की मुख्यमंत्री की कुर्सी पर भी टिकी हुई हैं। जानकारों का कहना है कि जाट महासभा इस बार उसी राजनीतिक दल को समर्थन देने के बारे में सोच रही है जो राजनीतिक दल मुख्यमंत्री की कुर्सी पर किसी जाट बिरादरी के नेता को ही बिठाने का पूरा आश्वासन महासभा को देगा। प्रदेश में एक बार भी अभी तक जाट बिरादरी का नेता मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं पहुंचा है और यही पीड़ा जाट महासभा को बेचैन किए हुए हैं जाट बिरादरी में भी चर्चा है कि प्रदेश की राजनीति में जाट राजनीति का प्रभाव आजादी के बाद से ही रहा है तो फिर अब तक जाट नेता को राजनीतिक दलों ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर क्यों नहीं बैठाया, इस मुद्दे को लेकर इस बार जाट महाकुंभ में भी गंभीरता से चर्चा होने की बात कही जा रही है।

सीकर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों ने जाट महाकुंभ में सहयोग देने की घोषणा की

राजस्थान जाट महासभा के मीडिया प्रभारी शीशराम कटेवा ने बताया कि जाट महासभा के संरक्षक राजाराम मील और जाट महासभा के पदाधिकारी जाट महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। जाट महासभा के पदाधिकारी गांव गांव जाकर जाट बिरादरी के लोगों को एक मंच पर कर उन्हें महाकुंभ में आने का न्योता दे रहे हैं जिसमें जाट बिरादरी के सभी लोगों ने जाट महाकुंभ में आने का वादा किया है। कटेवा ने बताया कि शुक्रवार को जाट महासभा के संरक्षक राजाराम मील ने सीकर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के मालिकों के साथ बैठक आयोजित की और जाट महाकुंभ में शामिल होने का न्योता भी दिया इस मौके पर पिंक पर्ल स्कूल, सरस्वती शिक्षण संस्थान पलसाना, भारतीय शिक्षण संस्थान सीकर, टैगोर शिक्षण संस्थान खंडेला, महात्मा गांधी कॉलेज श्रीमाधोपुर, किसान छात्रावास नवलगढ़ इत्यादि शिक्षण संस्थाओं के साथ राजाराम मिलने अलग-अलग बैठक आयोजित की इन बैठकों में शिक्षण संस्थाओं ने अपने सामर्थ्य के अनुसार आवागमन के लिए बस, भोजन सामग्री इत्यादि की व्यवस्था करने का वादा किया। जोबनेर निवासी दिनेश निठारवाल ने भी महाकुंभ में आने वाले लोगों के लिए खाने के 10,000 पैकेट उपलब्ध करवाने की घोषणा की। मीडिया प्रभारी शीशराम कटेवा ने बताया कि सीकर में विभिन्न बैठकों में राजाराम मील ने कहा कि एक समय ऐसा था जब केंद्र में 5-5 मंत्री हुआ करते थे लेकिन आज केंद्र सरकार में एक भी राजस्थान का जाट नेता कैबिनेट मंत्री नहीं है। इन बैठकों में राजाराम मील ने यह भी कहा कि जाट महाकुंभ पूरी तरह से गैर राजनीतिक होगा और इस महाकुंभ में जाट बिरादरी की विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों के बारे में सामूहिक मंथन कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

इतिहास रचने को और जाट महाकुंभ सभा

देश-विदेश से पधार रहे समाज के लोग

महिला IAS की जिद पूरी नहीं, लौटना पड़ा राजस्थान

सरकार ने कैडर चेंज करने की अर्जी ठुकराई, कार्मिक विभाग ने किया एपीओ

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान कैडर की महिला आईएएस अफसर पूनम द्वारा नियमों के विरुद्ध अपना कैडर स्टेट राजस्थान से बदल कर बिहार करने की कोशिशों पर आखिरकार केंद्र सरकार, राजस्थान सरकार और बिहार सरकार ने ठुकरा दिया है। IAS के नियमों के विपरीत दिए गए तर्कों को तीनों सरकारों ने नहीं माना और इसके बाद पूनम को वापस राजस्थान लौटना पड़ा है। राजस्थान लौटते ही कार्मिक विभाग ने उन्हें एपीओ (अवेटिंग फॉर पोस्टिंग ऑर्डर) कर दिया है। इस बारे में आईएएस पूनम ने भास्कर को बताया कि कार्मिक विभाग ने अभी तक उनसे कोई स्पष्टीकरण नहीं मांगा है। होम कैडर बदलवाने के लिए अपील करना कोई गलती नहीं है। अपील तो की ही जा सकती है। अपील करने की कोई मनाही भी नहीं है। उन्होंने भी अपील ही की थी। अपील करने पर ही कई बार सरकार के नियमों में बदलाव भी होता आया है। वे लंबे अर्से से आईएएस अफसर हैं। वे स्वयं कार्मिक विभाग में भी पदस्थ रही हैं, नियमों को भलीभांति जानती हैं। राजस्थान ही नहीं देश की ब्यूरोक्रेसी के इतिहास का यह अपनी तरह का पहला मामला बताया जा रहा है। आईएएस पूनम साल 2005 बैच की अफसर हैं और अक्टूबर 2016 से बिहार में डेपुटेशन पर गई थीं, वे अपना डेपुटेशन पीरियड पूरा होने के बाद भी राजस्थान नहीं लौट रही थीं। इस बीच उन्होंने केंद्र, बिहार और राजस्थान सरकार से उनका कैडर राजस्थान से बदलकर स्थायी रूप से बिहार कर देने की अर्जी लगा दी। वे मूलतः बिहार की रहने वाली हैं। मूलतः राजस्थान कैडर की आईएएस पूनम अपने गृह प्रदेश बिहार के कैडर में ही नियुक्ति चाहती थीं, जबकि भारत सरकार या संबंधित प्रदेश राजस्थान व बिहार के नियमों में ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है। पूनम ने खुद को बिहार कैडर अलॉट करने के लिए केंद्रीय कार्मिक व प्रशिक्षण मंत्रालय और राजस्थान के कार्मिक विभाग को आवेदन किया था। आईएएस पूनम ने सचिवालय स्थित कार्मिक विभाग में हाजिरी दी है। फिलहाल उन्हें एपीओ किया गया है। आगे की कार्रवाई सीएम गहलोत के स्तर पर ही तय होगी।

जयपुर में दो दिन नहीं आएगा पानी : 5 लाख से अधिक घरों में बंद रहेगी सप्लाई, बीसलपुर से नहीं होगी सप्लाई

गरीबों का सितारा

जयपुर। जयपुर में शुक्रवार शाम से अगले 48 घंटे 5 लाख घरों में पानी नहीं आएगा। बीसलपुर बांध से ही पानी की सप्लाई बंद रहेगी। गर्मियों में बढ़ती पानी की मांग को लेकर पीएचईडी (पब्लिक हेल्थ एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट) ने ये शटडाउन किया है। इसके जरिए पानी की सप्लाई बढ़ाई जाएगी। इस दौरान जयपुर में जगह-जगह काम करवाए जाएंगे। पीएचईडी के एडिशनल चीफ इंजीनियर आर.सी मीणा ने बताया कि जयपुर में शटडाउन 24 से 26 फरवरी को लिया गया है। अगले सप्ताह से जयपुर शहर में 220 एमएलडी (मिनिमल लिक्विड डिस्चार्ज) पानी की सप्लाई बढ़ाई जाएगी। इस व्यवस्था को शुरू करने के लिए कुछ काम जयपुर में करने है। इसके कारण शहर में 2 दिन पानी की सप्लाई को बंद रखा गया है।

820 एमएलडी पानी की होगी सप्लाई

जयपुर में पानी की सप्लाई बढ़ाने के लिए संसाधन और फिल्टर का काम बढ़ाना होगा। इसके लिए शटडाउन लिया गया है। दरअसल, जयपुर शहर में गर्मियों में करीब 1 हजार एमएलडी से ज्यादा पानी की सप्लाई होती है। इसमें से लगभग 250 एमएलडी लोकल ट्यूबवेल के जरिए सप्लाई होता है, जबकि 820 से 850 एमएलडी पानी की सप्लाई बीसलपुर बांध से होती है।

"सितारे का साथ-आपके हाथ"

अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी

आपका पसंदीदा समाचार पत्र
अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी

अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...

Log in करे : www.garibonkasitara.com

अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें...
8233553666, 9782527840, 9828853546
या बार कोड स्कैन करे...

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार
अधिक जानकरी के लिए सम्पर्क करें...
राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

MCD स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव अब 27 को

आप-भाजपा पार्षदों में जमकर लात-घूंसे चलने से लगातार दूसरे दिन नहीं हो सका चुनाव

गरीबों का सितारा

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी और भाजपा पार्षदों में एक बार फिर मारपीट हो गई। दरअसल, काउंटिंग के दौरान एक वोट को मेयर ने अनवैलिड घोषित कर दिया था। इसके बाद मेयर ने रीकाउंटिंग का आदेश दिया। इसी आदेश के बाद हंगामा शुरू हो गया। पार्षदों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। मारपीट में कई पार्षद घायल हो गए। एक पार्षद की हालत खराब हो गई। सूत्रों की मानें तो स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में दोनों पार्टी के तीन-तीन सदस्य जीते थे। इन चुने हुए सदस्यों की लिस्ट पर मेयर शैली ओबेरॉय ने साइन करने से इनकार कर दिया। उन्होंने एक वोट को अनवैलिड बताकर रिकॉउंटिंग का आदेश दिया। रीकाउंटिंग के फैसले पर निगम सचिव ने साइन करने से मना कर दिया। इस पर मेयर और निगम सचिव के बीच तल्ख बातचीत हो गई। दोनों के बीच हुई तनातनी के दौरान भाजपा पार्षदों ने अनवैलिड वोट को वैलिड करने की मांग की तो मेयर ने कहा कि अनवैलिड वोट को मान्य नहीं कर सकते। इस पर भाजपा पार्षद टेबलों पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। उन्हें रोकने के लिए अअढ पार्षद आगे बढ़े तो दोनों पार्टियों के पार्षदों में मारपीट शुरू हो गई। हंगामे के बाद मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा- अब चुनाव 27 फरवरी को होगा। इधर, AAP पार्षदों ने भाजपा पार्षदों के खिलाफ ऋक्रक्रदर्ज कराने के लिए दिल्ली के कमला मार्केट पुलिस स्टेशन के बाहर धरना दिया। उनका आरोप था कि भाजपा पार्षदों ने आम आदमी पार्टी की महिला पार्षद को जान से मारने की कोशिश की।

भाजपा के पुरुष पार्षदों ने मेयर को फिजिकली असॉल्ट किया: AAP विधायक

आम आदमी पार्टी की विधायक आतिशी ने कहा- MCD के हाउस में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी गुंडागर्दी अपनी लफंगई का नमूना पेश किया। हमारी मेयर पर बुरी तरह से हमला किया। उन्हें जान बचाकर हाउस से भागना पड़ा। वे हाउस से बाहर गईं। तब भाजपा के पुरुष पार्षदों ने उन्हें फिजिकली असॉल्ट किया। काउंटिंग के समय जब उन्हें समझ आया कि वे एक वोट से हारने वाले हो तो उन्होंने (भाजपा पार्षदों ने) हमला शुरू कर दिया। भाजपा की यह गुंडागर्दी देखकर पूरा देश शर्मसार है।

अपना शहर
क्षेत्र का नं. 1 अखबार
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
शनिवार, 25 फरवरी, 2023

पूर्वानुमान> 19°

	शनि	रवि	सोम	मंगल
अधिकतम>	31°c	29°c	30°c	31°c
न्यूनतम>	15°c	15°c	17°c	17°c

लखदातार के मेले का तीसरा दिन

श्याम बाबा के जयकारों से गूंजा हुआ हैं पूरा खाटू धाम

यात्रियों की सुविधा के स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन अकादमी अध्यक्ष शनिवार को खाटूश्यामजी आएंगे

गरीबों का सितारा

सीकर। जैसे जैसे समय बीत रहा है वैसे वैसे खाटू धाम में यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है । हर तरफ निशान ही निशान दिखाई दे रहे है। फाल्गुन मास में बाबा खाटूश्याम जी का मुख्य मेला लगता है। खाटू श्याम जी का मंदिरतश्र राजस्थान राज्य के सीकर जिले में रिंगस से 18 किमी की दूरी पर स्थित है और सीकर और जयपुर से जुड़ा हुआ बाबा श्याम का धाम है। यह मेला हर वर्ष फाल्गुन मास में तिथि के आधार पर अष्टमी से बारस की तिथि तक पांच दिनों के लिये आयोजित किया जाता है। इस लक्खी मेले में देश-विदेश से लाखो की संख्या में श्रद्धालु बाबा खाटूश्याम जी के श्रृद्धापूर्ण दर्शन करने के लिए आते है। यहाँ भजनसंध्या में तरह-तरह के कलाकार आते हैं जो रातभर भजन एवं कीर्तन करते हैं। भक्तों की लाखों की संख्या को देखते हुये हर वर्ष प्रशासन की ओर से उचित व्यवस्था की जाती है जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।इसके अलावा खाटूनगरी में बहुत सारी धर्मशालायें भी है जो भक्तजनो के विश्राम के लिए बनाई हुई है। पहले की तुलना में मंदिर को बड़ा किया गया है। जिससे की श्याम भक्तो को बाबा के दर्शन करने में कोई भी दिक्कत न आये। जिकजेक की व्यवस्था को बदल कर 16 सीधी लाइन बनाई जा रही है ताकि भक्तो को दर्शन करने में कोई भी परेशानी ना हो। भारतीय रेलवे द्वारा खाटू श्याम मेले के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भार को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए जींद-जोधपुर-जींद स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार गाड़ी संख्या 09737, जींद-जोधपुर प्रतिदिन स्पेशल रेल सेवा दिनांक 25.02.23 से 04.03.23 तक (08 ट्रिप) जींद से प्रतिदिन 11.45 बजे रवाना होकर मध्यरात्रि 12.45 बजे जोधपुर पहुंचेगी। बाबा खाटू श्याम की पांच आरती होती है। सबसे पहली आरती मंगला आरती सुबह 5 बजे और श्रृंगार आरती सुबह 7:45 बजे होती हैं। दोपहर 12:30 बजे और शाम 6:45 बजे आरती के बाद शयन आरती रात 9:30 बजे होती हैं।दोपहर में 12:30 की आरती के दौरान बाबा को भोग लगता है।उस दौरान करीब 10 मिनट तक पर्दा किया जाता है। शाम को शयन आरती के दौरान भी 5 मिनट पर्दा होता है।वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन अकादमी अध्यक्ष, राज्यमंत्री राम सिंह राव शनिवार खाटूश्यामजी व जीणमाता आएंगे। वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन अकादमी अध्यक्ष राम सिंह राव 25 फरवरी शनिवार को आसलपुर जोबनेर से प्रातः 9 बजे प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे खाटूश्यामजी पहुंचेंगे तथा श्याम मंदिर मे पूजा—दर्शन करेंगे।

गरीबों का सितारा

पंचाग

दिनांक 25 फरवरी 2023 शनिवार
विक्रम संवत2079फाल्गुन शुक्ल पक्ष

तिथि	षष्ठी	24:19:41
पक्ष	शुक्ल	
नक्षत्र	भरणी	27:57:47
योग	ब्रह्म	17:16:02
करण	कौलव	12:18:52
करण	तैतुल	24:19:41
चन्द्र राशि	मेष	
सूर्य राशि	कुम्भ	
दिशा शूल	पूर्व	
सूर्योदय(जयपुर)	06:56:20	
सूर्यास्त	18:23:52	
चंद्रोदय	10:09:30	
चंद्रास्त	23:47:44	
राहू काल	09:48-11:14	
अभिजित	12:18-13:03	
शुभ चोघडिया		
शुभ	08:22-09:48	शुभ
चर	12:40-14:06	शुभ
लाभ	14:06-15:32	शुभ
अमृत	15:32-16:58	शुभ



ज्योतिषाचार्य

भानुप्रकाश शास्त्री

बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान की टीम का मुंबई में हुआ सम्मान

यह सम्मान अभियान के संयोजक पत्रकार, कवि हरीश शर्मा, चंद्रप्रकाश शर्मा व टीम के सदस्य अनमोल सुरेका को दिया

गरीबों का सितारा

साधना सेठी, मुंबई। आरडीडी शो मुंबई के एक हजार एपिसोड पूरे होने पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम में पधारे अतिथि महानुभावों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान की टीम को उसके निर्धारित अभियान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए अभियान के सह-संयोजक आकाश झूरिया ने बताया कि यह सम्मान अभियान के संयोजक पत्रकार, कवि हरीश शर्मा, बॉडी बिल्डर चंद्रप्रकाश शर्मा व टीम के सदस्य अनमोल सुरेका ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में आरडीडी शो की ऑनर रीटा शर्मा, इंडियन फिल्म एक्टर टीकू तलसानिआ, अरुण बक्शी, मृदुला ओबेरॉय, शशि शर्मा, हितेन तेजवानी, शक्ति सिंह, राजेश पूरी, मल्लिका आर घई, उर्वशी उपाध्याय, इंडियन फिल्म डायरेक्ट दिलीप सैन, भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा, प्रेम सागर, इंडियन फिल्म व टीवी डायरेक्ट रंजन कुमार सिंह, टीवी व फिल्म एक्टर नीरज भारद्वाज, उपासना भारद्वाज, सिंगर अमरिंदर सिंह, हरील शुक्ला, राइटर विनोद वत्स सहित फिल्म इंडस्ट्री के सितारे व टीवी सीरियल के कलाकार सहित बड़ी-बड़ी हस्तीयो ने शिरकत की। टीवी व फिल्म अभिनेताओं के सानिध्य में हुआ पोस्टर का विमोचन -: बेटा पढ़ाओ-संस्कार सिखाओ अभियान पर रिलीज होने वाले हिंदी गीत "अलख जगाओ मिलकर सारे हमको देश जगाना है व डिवाइन स्टूडियो झुंझुनूं बैनर तले बनी मनोज मन्नू परदेशी द्वारा लिखित, निर्मित व निर्देशित हिन्दी शॉर्ट मूवी मेरा हीरो पार्ट-5 के पोस्टर का विमोचन टीवी व फिल्म अभिनेताओं, अभिनेत्रियों के सानिध्य में किया गया। यह गीत कवयित्री डॉक्टर निरुपमा उपाध्याय के द्वारा लिखा गया है जबकि म्यूजिक मुंबई के कमल राणा द्वारा दिया गया है एवं सिंगर कंपोजर रोनी 7 हेमंत शर्मा के द्वारा गाया गया है। पोस्टर का विमोचन फिल्म बॉबी बॉक्सर व सीरियल कुंडली भाग्य, कुमकुम भाग्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुप्रिया शुक्ला व उनके पति हरील शुक्ला, अभिनेत्री उपासना सिंह के पति व साथ निभाना साथिया, कैसे कहूँ, गुस्ताखी माफ टीवी सीरियल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अभिनेता नीरज भारद्वाज व ह्यरांझणाह्ल, ह्यमासाब (द टीचर)ह्ल, ह्यमाल रोड दिल्लीह्ल, ह्यएक अल्बेलाह्ल (मराठी), इत्यादि फिल्मो में अपना किरदार निभाने वाले अभिनेता मनवीर चौधरी, टीवी सीरियल बालवीर में डूबा-डूबा का किरदार निभाने वाले रोहित सिंह के सानिध्य में इनके निवास व होटल सुभाष के प्रॉपराइटर सुभाष अग्रवाल के सानिध्य में होटल सुभाष में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान की सराहना करते हुए अभियान टीम द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्यों व प्रयासों की सराहना करते हुए शुभकामनायें प्रेषित की। अभिनेता नीरज भारद्वाज व होटल सुभाष के प्रॉपराइटर सुभाष अग्रवाल को अभियान की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अभियान के संयोजक कवि हरीश शर्मा, टीम से सदस्य अनमोल सुरेका व बॉडी बिल्डर चंद्रप्रकाश शर्मा व टीम के सदस्य मौजूद रहे।

कानून के प्रति आमजन को जागरूक करें : डॉ. थालोड़

विधि तृतीय वर्ष के छात्रों को प्रोविजन सर्टिफिकेट बांटे

गरीबों का सितारा

सीकर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी द्वारा शुक्रवार को विधि तृतीय वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया। इसके बाद राजकीय विधि महाविद्यालय को प्रोविजनल सर्टिफिकेट भेजेंगे। जिनका वितरण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलसुख द्वारा कई छात्र छात्राओं को किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ थालोर ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ थालौर ने कहा की कानून के प्रति आमजन को जागरूक करना चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि जो पढ़ाई आप लोगों ने की है उसका उपयोग कानून की रक्षा में किया जाना चाहिए साथ ही आमजन को कानून की जानकारी दी जानी चाहिए। सीकर की पूजा शर्मा को भी प्रोविजनल सर्टिफिकेट दिया गया।

मालासेरी डूंगरी के देवनारायण मंदिर पुजारी का नागपुर में भव्य स्वागत

सीकर(अरविन्द कुमार)। राजस्थान के मालासेरी डूंगरी के देवनारायण मंदिर के पुजारी हेमराज गुर्जर पोसवाल का महाराष्ट्र के नागपुर में सीकर जिले के रहने वाले टाइल ठेकेदारों द्वारा ठेकेदार बृजलाल गुर्जर के नेतृत्व में भव्य स्वागत सत्कार किया गया। ठेकेदार गोवर्धन गुर्जर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर जाते समय मालासेरी डूंगरी के देवनारायण मंदिर के पुजारी हेमराज गुर्जर पोसवाल का नागपुर के हजारीपहाड़ स्थित ठेकेदार बृजलाल गुर्जर के निवास स्थान पर माला पहनाकर व आरती उतार कर भव्य स्वागत किया गया। पुजारी हेमराज गुर्जर पोसवाल के द्वारा प्रवासी ठेकेदारों को भगवान देवनारायण की कृपा दृष्टि से जीवन में सदैव उन्नति की ओर अग्रसर रहने का आशीर्वाद प्रदान किया। काबिले गौर है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर मालासेरी डूंगरी पधारने पर पुजारी हेमराज गुर्जर के द्वारा ही अगवानी करते हुए पूजा-अर्चना करवाई गई थी। इस दौरान रघुनाथ गुर्जर, लाल सिंह, बीरबल, बजरंग लाल गुर्जर, सुंडाराम, जगदीश प्रसाद, हुकुमचंद, दीपाराम आदि मौजूद थे।

एमजीएसयू में आयोजित हुई सप्तम दीक्षान्त समारोह पूर्व प्रेस वार्ता

अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑडिटोरियम में प्रथम बार आयोजित होगा दीक्षान्तः प्रो. विनोद कुमार सिंह

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का सप्तम दीक्षान्त समारोह दिनांक 26 फरवरी, 2023 को माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है। दीक्षान्त समारोह पूर्व शुक्रवार को कुलपति सचिवालय में प्रो. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित हुई। सर्वप्रथम मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा द्वारा समस्त प्रेस प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात अपने संबोधन में कुलसचिव अरूण प्रकाश शर्मा ने बताया कि दीक्षान्त समारोह में परीक्षा 2020 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्षो की कक्षा में उत्तीर्ण 1,11,990 अभ्यर्थियों को उपाधि, 01 जनवरी, 2020 से 31 दिसम्बर, 2020 की अवधि में शोध कार्य सम्पन्न कार्य कर चुके 28 अभ्यर्थियों को संकायवार विद्या-वाचस्पति उपाधि प्रदान की जाएगी। शिक्षा संकाय की स्विटी सुथार को कुलाधिपति पदक, कला संकाय की छात्रा सोहा शर्मा को कुलपति पदक एवं अंतिम वर्षो की कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 57 अभ्यर्थियों को स्वर्ण पदक माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा प्रदान किये जाएंगे। साथ ही स्नातक वाणिज्य में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान के माध्यम से आई.सी.एस. आई. अवार्ड प्रदान किया जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान कुलसचिव अरूण प्रकाश शर्मा द्वारा समारोह के पल प्रति पल कार्यक्रम से मीडिया को रूबरू करवाया गया। प्रेसवार्ता में कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा, कुलसचिव श्री अरूण प्रकाश शर्मा, दीक्षान्त प्रभारी व उपकुलसचिव डॉ. बिट्ठल बिस्सा, एवं कुलपति के वरिष्ठ निजी सहायक कमल कान्त शर्मा द्वारा दीक्षांत समारोह के पोस्टर का लोकार्पण भी किया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि उक्त दीक्षान्त समारोह विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऑडिटोरियम में प्रथम बार आयोजित होगा और यह उनके कार्यकाल में लगातार तीसरा दीक्षान्त समारोह होगा। इसमें से पूर्व में दो दीक्षान्त समारोह कोविड परिस्थितियों के चलते वर्चुअल मोड से आयोजित किये गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव श्री अरूण प्रकाश द्वारा दिया गया।

दो अनशनकारी अस्पताल में भर्ती, रविवार को राष्ट्रपति को लिखेंगे खून से पत्र

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। जिला कलक्ट्रेट के समक्ष चल रहे आमरण अनशन के 19वें दिन दो अनशनकारियों को अस्पताल में एडमिट करवाया गया। भाजपा नेता महावीर रांका की अगुवाई में ईसीबी के 18 कार्मिकों की पुनःनियुक्ति की मांग को लेकर चल रहे आमरण अनशन में अब तक दो दर्जन से अधिक जने अनशन कर चुके हैं। पूर्व यूआईटी चैयरमेन महावीर रांका ने बताया कि दो दिन पहले सीएम को खून से पत्र लिख कर ईसीबी कार्मिकों को ज्वाइनिंग देने की मांग कर चुके हैं, अब रविवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु को खून से लिखे पत्र भेजे जाएंगे। महावीर रांका ने कहा कि 19 दिन से निरन्तर जारी इस आमरण अनशन की गूंज प्रदेश के साथ-साथ अब देश के दिग्गज नेताओं तक भी पहुंच गई है लेकिन राजस्थान के मुख्यमंत्री व मंत्री इसे अनसुना कर रहे हैं। 19 परिवारों की स्थिति दयनीय हो चुकी है, न्यायालय से आदेश भी जारी हो चुके हैं लेकिन पुनःनियुक्ति नहीं देना तानाशाही दशार्ता है। भाजपा के तेजाराम राव ने बताया कि उपभोक्ता सरंक्षण एंव सेवा समिति द्वारा समर्थन दिया गया। शुक्रवार को सात दिनों से अनशन पर बैठे रमेश भाटी एवं पांच दिन से अनशन पर रहे लक्ष्मण मेघवाल को अस्पताल मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर भर्ती करवाया गया। पंकज गहलोत ने बताया कि अब आमरण अनशन पर पूर्व पार्षद राजेन्द्र शर्मा, जगदीश मोदी, श्रवण चौधरी, शंभु गहलोत, जेठूसिंह परिहार डटे हुए हैं। धरने पर गणेशमल जाजड़ा, जसराज सींवर, पंकज गहलोत, लक्की गहलोत, पवन सुराना, राजेन्द्र व्यास, आनन्द सोनी, गौरीशंकर देवड़ा, नरपतसिंह, ओम राजपुरोहित आदि उपस्थित रहे।

।। आवश्यकता ।।

आपके पसंदीदा अग्रणी अखबार "गरीबों का सितारा" को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के प्रमुख जिलों से संपादक एवं ब्यूरो चीफ नियुक्त करने हेतु आवश्यकता है एक्सपर्ट एवं अनुभवी कुशल युवक-युवतियों की।

नोट : अनुभवी, साफ छवि तथा मार्केट में पकड़ रखने वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें।

प्रमोद शर्मा
सम्पादक
Mob. 8233553666

राजेन्द्र शर्मा
प्रधान सम्पादक
Mob. 7733050125

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

सितारा न्यूज ब्रीफ

महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा बहरोड। क्षेत्र के मांचल निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधू की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करवाई। जानकारी के अनुसार व्यक्ति ने बताया कि मंगलवार शाम करीब 6 बजे मेरी पुत्रवधू पड़ोस शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। लेकिन देर रात्रि तक नहीं लौटने पर हमने काफी तलाश किया लोगों से पूछताछ की लेकिन कहीं पता नहीं चला। जिसकी सूचना पीपर वालो से तथा उसके रिश्तेदारों से काफी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अब काफी जगह तलाश कर लिया लेकिन नहीं मिल पाई पुलिस ने मामला दर्ज कर पुलिस टीम के सहयोग से गुम हुई महिला की तलाश में जुटी गई।

लडकी को भगा ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

पुलिस थाना बहरोड़
पुलिस जिला - भिवाड़ी
हमारा ध्येय-आमजन में विश्वास अपराधियों में डर

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा बहरोड़। क्षेत्र के मुण्डियाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस थाने में लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला दर्ज करवाया। जानकारी अनुसार व्यक्ति ने बताया कि उसकी बहिन बुधवार रात्रि को अपने घर पर सो रही थी लेकिन गुरुवार को जब सुबह करीब 4 बजे घरवाले उठे तो मेरी बहन घर पर नहीं थी। हमने अपने स्तर पर उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। हमें पूरा अंदेशा है कि उसको राहुल पुत्र महासिंह जाट निवासी कांकरा बर्डोद बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। जाते वक्त बहिन ने घर में रखे 2 लाख रुपए निकाल कर अपने साथ ले गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पुलिस टीम की सहायता से लड़की को ढूंढने में जुट गई।

संस्कृत स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा बहरोड। क्षेत्र के गादोज ग्राम में स्थित संस्कृत राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीआईएसफ कैंप के सीनियर कमांडेंट एमके वर्मा कार्यवाहक नायब तहसीलदार द्वारका प्रसाद सहित विशिष्ट अतिथि नरेंद्र मीणा रहे। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम सरस्वती मां चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान स्कूल बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह को सम्मानित किया गया व भामाशाह द्वारा स्कूल विकास में अनेकों तरह से सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान राजवीर यादव, सरिता, कुलदीप, समाजसेवी हरपाल यादव, कैप्टन पतराम सहित अन्य मौजूद रहे।

एटीएम चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

गरीबो का सितारा वी.पी.मीणा नीमराणा। नीमराणा पुलिस ने एटीएम चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना अधिकारी सुणिलाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 18 जनवरी को एक्सेस बैंक मैनेजर राजीव गुप्ता ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया की उनकी बैंक का एटीएम पर 18 जनवरी सुबह 2 बजकर 55 मिनट पर अज्ञात चोरों द्वारा एटीएम कक्ष पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर काले कलर के रंग से स्प्रे करके एटीएम लूट का प्रयास कर रहे थे।मामले में पुलिस ने अपनी टीम के सहयोग से 22 वर्षीय दोरखी फिरोजपुर नूह मेवात निवासी सालिम पुत्र इस्ताक व 29 वर्षीय मुरसलीम पुत्र अब्दुल निवासी सोलाका थाना पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया।

केशवाना औद्योगिक क्षेत्र से जुआ खेलते हुए चार गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा पनियाला। क्षेत्र के केशवाना औद्योगिक क्षेत्र से जुआ खेलते हुए पनियाला पुलिस ने अलग-अलग जगह से चार लोगों को गिरफ्तार किया।जानकारी देते हुए थानाधिकारी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा केशवाना सार्वजनिक स्थान पर मुखबिर की सूचना पर विबा कंपनी एरिया पहुंचे जहां जुआ खेलते हुए खुशीराम व ऋषि राज के कब्जे से जुआ राशि जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।इसी प्रकार केशवाना राजपूत रीको एरिया से टावर के गेट के पास रीको एरिया पर जुआ खेलते हुए सतवीर व सुनील के कब्जे से जुआ राशि जप्त कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी 32 वर्षीय गोनेडा निवासी खुशीराम पुत्र भगवान सहाय गुर्जर, 47 वर्षीय धवाली निवासी ऋषिराज पुत्र बहादुर शर्मा, 30 वर्षीय पहाड़ी बहरोड़ निवासी सत्यवीर पुत्र रामकिशन, 32 वर्षीय जागीवाड़ा मुंडावर सुनील पुत्र रघुवीर स्वामी को गिरफ्तार किया।

ठीकराना गुजरान में हुई फायरिंग के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

गरीबो का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। आईपीएस पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि ग्राम ठीकराना गुजरान निवासी बागा पुत्र लाला मेहरात द्वारा उसी के गाँव के हमीद उर्फ महबूब पुत्र मदन मेहरात पर फायरिंग किये जाने के संबंध में शकूर पुत्र मदन मेहरात द्वारा पुलिस थाना सदर पर प्रकरण दर्ज करवाया गया। फायरिंग की घटना कर हत्या का प्रयास करने में वांछित अभियुक्त की तलाश हेतु वैभव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अजमेर व ईश्वरसिंह पुलिस उप अधीक्षक वृत मसूदा के निर्देशन में थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा पुलिस निरीक्षक द्वारा पुलिस थाना ब्यावर सदर टीम गठित की जाकर अभियुक्त बागा पुत्र लाला काठात जाति मेहरात उम्र करीब 71 साल निवासी ग्राम ठीकराना गुजरान पुलिस थाना सदर जिला अजमेर को गिरफ्तार किया गया है

यह रहा घटना का विवरण

गुरुवार को पुलिस थाना सदर पर ईतला मिली कि ग्राम ठीकराना गुजरान निवासी बागा पुत्र लाला मेहरात ने उसी गाँव के रहने वाले हमीद उर्फ महबूब पुत्र मदन मेहरात पर बन्दूक से फायर कर दिया है जिसे ईलाज हेतु अमृतकौर हॉस्पीटल लाया गया है सूचना मिलने पर चेनाराम बेड़ा थानाधिकारी ब्यावर सदर मय जाप्ते के अमृतकौर हॉस्पीटल पहुँचे जहां मजरूब हमीद उर्फ महबूब के परिजनों ने बताया कि खेतो के पास बरसाती नाले से मिट्टी निकालने के विवाद को लेकर बागा पुत्र लाला मेहरात ने स्वयं की बन्दूक से फायर कर हत्या करने का प्रयास किया है। मजरूब हमीद उर्फ महबूब को प्राथमिक उपचार जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर रैफर किया गया। अभियुक्त बागा पुत्र लाल मेहरात की तलाश हेतु थाना स्तर पर अलग अलग टीमें गठित कर सघन तलाश की गई किन्तु रात्रि का वक्त होने से अंधेरे का फायदा उठाकर अभियुक्त फसल व झाड़ियों में छिप गया। बागा पुत्र लाला मेहरात द्वारा हमीद उर्फ महबूब पुत्र मदन मेहरात पर फायरिंग किये जाने के संबंध में शकूर पुत्र मदन मेहरात ने शुक्रवार को उपस्थित होकर एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि बागा पुत्र लाला मेहरात का खेत हमारे खेत के पास में है, जहां खेत के पास से मिट्टी निकालने को लेकर काफी समय से विवाद है। बागा द्वारा रंजिशवश गुरुवार को सायं करीब 06 बजे मेरे भाई हमीद की हत्या करने के आशय से बन्दूक से फायर कर दिया है, जिसका अभी भी ईलाज चल रहा है। जिसके सबंध में सदर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त की धरपकड़ हेतु थाना स्तर पर टीमें गठित की जाकर तलाश की गई। तलाशी के दौरान शुक्रवार को अभियुक्त बागा पुत्र लाला मेहरात को गिरफतार किया गया है।

पुलिस की टीम में ये लोग थे शामिल

चेनाराम बेड़ा पुलिस निरीक्षक, नूर मौहम्मद सउनि पुलिस थाना ब्यावर सदर,प्रवीण चौधरी कानि पुलिस लाईन अजमेर,बलवीरसिंह कानि., अजय कानि.,रामप्रसाद कानि, सुखपाल कानि,मनोज कानि, मुकेश कानि, हरेन्द्र कानि, राजूराम कानि. इत्यादि।

संत गाडगे महाराज का 147वा जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

गरीबो का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। कृष्ण बसीटा समाज, बसीटा समाज विकास समिति, बसीटा टास्क फोर्स, ब्यावर तथा ज्ञान गंगा अम्बेडकर विकास संस्थान, के तत्वाधान मे मानवतावादी युग पुरुष, समाज सुधारक स्वच्छता अभियान के प्रेणता संत गाडगे महाराज का 147वा जन्मोत्सव बसीटा समाज की धर्मशाला मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन के आर बालोटिया ने किया उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता बसीटा समाज के अध्यक्ष रामचंद्र मावर की गयी मुख्य अतिथि के रूप मे चिरंजी लाल चौहान व विशेष अतिथि सभापति नरेश कनोजिया चिरंजी लाल चौहान ने सन्त गाडगे के जीवन चरित्र की जानकारी देते हुए बताया गया कि सन्त गाडगे जिस भी क्षेत्र मे जाते थे उस क्षेत्र मे सफाई करके प्राप्त संहयोग से उसी क्षेत्र मे रात्रि भजन कीर्तन करना, पाठशाला, धर्मशाला व गोशाला का निर्माण करवाते थे तथा क्षेत्र को सामाजिक कुरीतीयो व नशा मुक्त रहने के लिए आह्वान करते थे उक्त कार्यक्रम मे विद्यमान गणमान्य में सभापति नरेश कनौजिया , सुभाष उद्यान ब्यावर मे संत गाडगे पार्क मे संत गाडगे की प्रतिमा लगवाने का निवेदन किया उक्त कार्यक्रम मे धन्ना राम खोरवाल, शशिकान्त, दयाराम सांखला, रामचन्द्र मावर, गोपाल भट्ट, पुखराज भाटी, लादुरम, नन्द किशोर मावर, कैलाश चौहान, रवि पलडिया, चन्द्रगुप्त, रतन सिंह हेजू, गोपाल गोयर, रोनित भाटी, राहुल चौहान, विजय , नीरज मावर, पुखराज, हनुमान प्रसाद, प्रवीण, ललचन्द चौहान, निर्मल कुमार, किशोर चंवारिया, सुनील बनिया, रितेश, नेमीचन्द नवल तथा मनोहर भाटी व अन्य व्यक्ति भी विद्यमान रहे।

योगिता पब्लिक स्कूल फतेहपुर में श्री गोविंद देव परोपकारी ट्रस्ट के तत्वावधान में हुआ योग

प्रशिक्षक दुष्यंत कुमार शर्मा ने विधार्थियो को योगाभ्यास कराया

गरीबो का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के लक्ष्मणगढ क्षेत्र के फतेहपुर मे योगिता पब्लिक स्कूल मे शुक्रवार श्री गोविन्द देव परोपकारी ट्रस्ट के द्वारा विधार्थियो को योगाभ्यास कराया गया। शारिरिक एवं मानसिक विकास हेतु चक्रासन हलासन वृक्षासन सूर्यनमसकार ताडासन आदि आसानो का अभ्यास कराया। अनुलोम-विलोम कपालभाति प्राणायामो का अभ्यास कराया ।इस अवसर पर स्कूल निदशक अमरसिंह मीना,प्राधान अध्यापक रामोतार कुमावत, बाबूलाल मीना, खुशिराम मीना,लेखराम , कृष्णा, सुमन, रतन सिंह राजपूत, काजल, पायल, कलपना आरती। अंकित, प्रमोद, योगेश, मोनू, नीरज, अजय, मोहित, गोरव समीर,आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर राजस्थान योग शिक्षक संघर्ष समिति जिला संयोजक केदार नाथ शर्मा ने सभी को योग करने के लिए प्रेरित किया।

रामगढ़ में किसानों ने चंबल के पानी की मांग को लेकर निकाली किसान रैली

गरीबो का सितारा

आधार सेन्टर
AADHAAR

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के रामगढ मे भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के बैनर तले पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना से छूटे नदी नालों और बांधो को जुड़वाने के लिए रामगढ़ किसान रैली का आयोजन किया गया जिसमे दर्जनों गावों के सैकड़ों किसान ट्रेक्टर, गाड़ी और मोटरसाइकिल के साथ शामिल हुए। रैली भावसिद्ध मंदिर से शुरू होकर तहसील मंच पर सभा के साथ समाप्त हुई किसान रैली को भीम आर्मी का भी समर्थन रहा। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए विरेंद्र मोर, कोमल सरपंच, सोहन सिंह, महेंद्र चौधरी के कहा की 2017 में बनी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की डीपीआर में अलवर जिले का सारा पानी डीएमआईसी इंडस्ट्रीज रीको औद्योगिक क्षेत्र के लिए प्रस्तावित किया गया है लेकिन लेकिन चंबल के पानी पर पहला हक किसान का है क्षेत्र के किसान लगातार आंदोलन कर रहे हे लेकिन सरकारों का कोई सकारात्मक रुख नही है राज्य सरकार ने हाल के बजट ईआरसीपी के बजट जारी तो लेकिन छूटे नदी नालों बांधो को नही जोड़ा गया है 2017 में ईआरसीपी का बजट 40 हजार करोड़ था लेकिन सरकारों की अड़ियल रवैया की वजह से आज यह प्रोजेक्ट 70 हजार करोड़ का हो चुका है अगर राज्य सरकार डीपीआर में संशोधन कर ईआरसीपी से छूटे नदी नालों बांधो को जोड़े और केंद्र सरकार राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर के जल्दी से जल्दी नहरी पानी किसानों तक पहुंचाए इस दौरान जुम्मा सरपंच, सुरेश वर्मा सरपंच, ताहिर भाई, फकरूदीन, तसलीम खान, मास्टर गुरबचन सिंह, जैसमर सिंह, कैलाश खींची, आसम खान सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।मिडिया को यह सारी जानकारी रामगढ से अमित कुमार भारद्वाज के द्वारा दी गई है।

जल जंगल जमीन
भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) अलवर (राज.)
ECRP
किसान रैली का आयोजन
#BOYCOTT-DMIC
किसान रैली
स्थान : भावसिद्ध मंदिर से

रजिस्ट्रेशन शिविर का हुआ आयोजन

गरीबो का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। राज्य सरकार के आदेशानुसार आयुक्त फूड सेफ्टी एण्ड ड्रग कंट्रोल राजस्थान पुखराज सेन के निर्देश पर डॉक्टर ए. के. पिंगोलिया सीएमएचओ अजमेर की फूड सेफ्टी टीम ने पंचायत समिति पीसांगन में खाद्य लाइसेंस एवम्रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जिसमें खाद्य व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर में 127 लाइसेंस रजिस्ट्रेशन आवेदन मौके पर ही ऑनलाइन कर जारी किए गए। मौके पर उपस्थित व्यापारियों को प्रधान भिनाय दिनेश नायक और सरपंच मंजू देवी ने लाइसेंस वितरित किए। शिविर के साथ में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी द्वारा व्यापारियों को फूड सेफ्टी संबंधी नियमों की जानकारी भी दी गई। शिविर आयोजित करने में व्यापार मंडल पीसांगन के अध्यक्ष नीलम मेहता एवम् महामंत्री मोनू काबरा का सराहनीय सहयोग रहा खाद्य व्यापारियों की सुविधा के मध्य नजर भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी,प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह,मुकेश वैष्णव,पवन गुप्ता एवम् डेयरी प्रतिनिधि दीपक वैष्णव शामिल रहे।

नानी बाई रो मायरो कार्यक्रम हेतु श्याम बाबा को दिया न्योता

गरीबो का सितारा

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। श्रीमद भागवत परिवार तथा हरी भक्तों के एक समूह द्वारा आगामी मई महीने में होने वाले नानी बाई रो मायरो कार्यक्रम हेतु खाटु श्याम दरबार में जाकर ठाकुर जी को कार्यक्रम में पधारने का न्योता दिया गया संयोजक संजय घीया ने जानकारी दी कि ब्यावर से एक 70 हरी भक्तों का समूह रींगस पहुँचा , वहाँ से सभी भक्त गण ढोल, मजीरों , व झाँझ , चंग के साथ नाचते - गाते पेदल खाटु श्याम बाबा दरबार पहुँचे , जहां सभी ने बाबा को ब्यावर नानी बाई रो मायरो कार्यक्रम में पधारने की अजी लगाई व कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अरदास की ।जोधपुर के गोवत्स संत श्री राधाकृष्ण जी महाराज के मूखारबिंद से व्यास पीठ से नानी बाई रो मायरो का हरी भक्त आनंद ले सकेंगे।

मनरेगा श्रमिकों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

National Water Mission
जल को ना करो बेकार,
जल बिना मच जायेगा
हाहाकार।
Catch The Rain
where it falls, when it falls!

गरीबो का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के गोविन्दगढ मे लगातार गिरते जलस्तर को ध्यान मे रखते हुए उपखंड क्षेत्र में नेहरू युवा केंद्र के द्वारा जल संचयन एवं आजादी अमृत महोत्सव अभियान के तहत नरेगा श्रमिकों को बरसात का जल संरक्षण करने की शपथ दिलाई और उसकी उपयोगिता के बारे में भी बताया। अनिल कुमार ने बताया कि लगातार जलस्तर घट रहा है और पानी की समस्याएं सामने आ रही है जगह-जगह पानी की किल्लत है। इस बीच मनरेगा श्रमिक जोकि जोहड़ की खुदाई नरेगा कार्य के तहत कर रहे हैं लेकिन उन्हें नहीं पता कि आखिर वह मनरेगा के तहत क्यों खुदाई कर रहे हैं तो उनके पास गए और उन्हें इस जल संरक्षण की जानकारी दी और बताया की नरेगा में आपके द्वारा बरसात के जल का संरक्षण के लिए ही खुदाई की जा रही है इसके साथ ही उन्हें जल संरक्षण को लेकर शपथ भी दिलाई गई इस दौरान राजेश कुमार संजू रमेश किरण संतोष सहित नरेगा श्रमिक मौजूद रहे।मिडिया को यह सारी जानकारी गोविन्दगढ से अनिल कुमार के द्वारा दी गई है।

।। संवाददाताओं की आवश्यकता।।

आपके पसंदीदा मीडिया समूह "गरीबों का सितारा" को राजस्थान के समस्त विधानसभा क्षेत्र, तहसील क्षेत्र एवं पुलिस थाना स्तर पर कुशल एवं अनुभवी पत्रकारों की आवश्यकता है।

नोट: जो खबर को सही रूप में लिखना एवं बोलना जानते हो वहीं व्यक्ति सम्पर्क करें।

गरीबों का सितारा
निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

रवि कुमार बैरवा
कार्यकारी सम्पादक
Mob. 9782527840

चिंतन

पीएम के लिए अभद्र नारे लगाना शर्मनाक

राजनीति में बदजुबानी की कोई अहमियत नहीं होती है। कांग्रेस नेताओं ने जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए व्यक्तिगत स्तर पर अभद्र शब्द बोले हैं, ऐसी हरकत भारत की संस्कृति नहीं रहीं है। देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की प्रारंभिक संस्कृति भी ऐसी नहीं रही है, लेकिन इधर दस वर्ष से देखा जा रहा है कि कांग्रेस नेता नरेंद्र मोदी के लिए समय समय पर अपशब्द बोलते रहे हैं। चाहे 'मौत के सौदागर' की बात हो, 'खून की दलाली' की बात हो, 'चाय बेचने' की बात या अब 'ङ्घतेरी कब्र खुदेगी' की बात हो, सोनिया गांधी, राहुल गांधी से लेकर मणिशंकर अय्यर, पवन खेड़ा तक ने मोदी के लिए अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। मोदी के खिलाफ व्यक्तिगत स्तर पर अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने वाले नेताओं की लिस्ट लंबी है। अभी बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दिल्ली-रायपुर की उड़ान से उतारे जाने के विरोध में पार्टी नेताओं ने नारेबाजी की थी। इस दौरान कथित तौर पर कांग्रेस नेताओं ने 'ङ्घ तेरी कब्र खुदेगी" के नारे लगाए थे। प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को असम पुलिस ने पवन खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, इसके कुछ घंटे बाद ही उन्हें उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिल गई। एक लीगल कार्रवाई के विरोध में राजनीतिक आक्रोश अपमाजनक शब्दों में प्रकट करना शर्मनाक है, निंदनीय है, यह सामान्य राजनीतिक शिष्टाचार भी नहीं है। कांग्रेस की राजनीति में कितना विरोधाभास है कि एक तरफ राहुल गांधी ने देश जोड़ने के नाम पर भारत जोड़ो पदयात्रा की, छत्तीसगढ़ के रायपुर में चल रहे कांग्रेस अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे यूपीए को मजबूत करने व नए साथियों को जोड़ने की बात कर रहे हैं, दूसरी तरफ उसी कांग्रेस के नेता पीएम नरेंद्र मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। आखिर ऐसी हरकतों से कांग्रेस जनता को क्या संदेश दे रही है। कांग्रेस ने अतीत में पीएम मोदी के लिए व्यक्तिगत बदजुबानी करने का खामियाजा भुगता है, चुनावों में बुरी तरह हारी है, आज उस पर अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है, इसके बाद भी कांग्रेस के बयानवीर नेता अगर नहीं सुधरे हैं तो साफ है कि कांग्रेस सबक नहीं सीख रही है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी हमेशा यह संदेश देने की चेष्टा करते दिखाई देते थी कि कांग्रेस नफरत के खिलाफ लड़ रही है, तो आखिर कांग्रेस नेता देश के प्रधानमंत्री के लिए अपमानजक व्यक्तिगत नारे क्यों लगाते हैं? सवाल है कि क्या कांग्रेस पार्टी व उसके नेताओं के मन में देश के पीएम के प्रति कोई सम्मान नहीं है? पुलिस एक्शन के खिलाफ विरोध जताने में हर्ज नहीं है, लेकिन विरोध के नाम पर पीएम के खिलाफ ही अपशब्द बोलना कहीं से भी उचित नहीं है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीबीआई, ईडी आदि सरकारी जांच बॉडी है, जिनके पास जांच व छापे के अधिकार हैं, ऐसे में किसी भी जांच एजेंसी की कार्रवाई के खिलाफ व्यक्तिगत स्तर अनर्गल बोल बोलना किसी को भी शोभा नहीं देता है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा पर पुलिस एक्शन उनकी बदजुबानी के चलते ही हुआ और उन्हें कोर्ट से जमानत भी मिली, तो उन्हें आत्मावलोकन करना चाहिए। अदालत ने जमानत के वक्त पवन खेड़ा को उनकी भाषा को लेकर हिदायत भी दी, तो उन्हें गंभीर होना चाहिए। कांग्रेस को अगर अपनी खोई हुई जमीन वापस पानी है तो एसे एक अनुशासित पार्टी के तौर अपनी छवि गढ़नी होगी। अपशब्दों से राजनीति नहीं चमकाई जाती है। कांग्रेस नेताओं को मोदी के लिए प्रयोग किए गए अपशब्दों के लिए उनसे सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

सारा संसार

जगत्सुख खूबसूरत गांव है जो हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित कुल्लू के पूर्व राज्य की राजधानी है। जगत्सुख अपने प्राकृतिक दृश्यों और प्राचीन जगत्सुख मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है जो धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण मंदिर हैं। यह मंदिर शिव और देवी संध्या देवी को समर्पित हैं।

बदलाव

कृष्ण प्रताप सिंह

अयोध्या : बदल रहा रूप-रंग

अयोध्या में रामजन्मभूमि पर मन्दिर का निर्माण जोरों पर है और उम्मीद है कि आगामी जनवरी में श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा तो वहां ऐसा जनसमुद्र उमड़ पड़ेगा जिसे संभालना मुश्किल हो जाएगा। इसके मद्देनजर धर्मनगरी को नया रूप-रंग देने के लिए उसकी सड़कों को चौड़ी करने की कवायदें तो चल ही रही हैं, आस्था के दूसरे केन्द्रों को भी सजाया-संवारा जा रहा है। उद्देश्य यह है कि श्रद्धालु आएं तो उनको लुभाएं। इसका एक बड़ा लाभ यह बताया जा रहा है कि तब श्रद्धालु राममन्दिर के आकर्षण में ही बंधे नहीं रहेंगे, न ही उसी के इर्दगिर्द जमा रहकर अपने व अयोध्या दोनों के लिए दुश्वारियों का कारण बनेंगे। दर्शन-पूजन के बाद वे दूसरे आस्था-केन्द्रों की ओर चले जाएंगे तो व्यवस्था बनाए रखने में सहूलियत होगी। इस लिहाज से सबसे ज्यादा जोर गुप्तारघाट के नवीनीकरण व सुन्दरीकरण पर है। निर्माणाधीन राममन्दिर से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित सरयू के इस घाट के बारे में विश्वास किया जाता है कि भगवान राम ने अपनी नरलीला की समाप्ति के बाद वहीं से बैकुंठधाम कहें, साकेतधाम, परमधाम या दिव्यधाम को प्रस्थान किया था। मान्यता है कि भगवान राम स्वर्गारोहण के लिए इस घाट पर आए तो उनके साथ और तो और अयोध्या के कीट-पतंगे तक उनके दिव्य धाम चले गए थे, जिससे अयोध्या उजड़-सी गई थी। बाद में उनके पुत्र कुश ने उसको और इस घाट को फिर से आबाद किया। निकटवर्ती इतिहास में उन्नीसवीं सदी तक यह घाट खासा जीर्ण-शीर्ण हो चला था, तो राजा दर्शन सिंह ने इसका नवनिर्माण करवाया था। बाद में उसके पास ही मिलिट्री मन्दिर के निर्माण, साथ ही कम्पनी गार्डन व राजकीय उद्यान विकसित होने से इसका धर्मस्थल का स्वरूप पर्यटन स्थल में भी बदल गया। श्रद्धालुओं के साथ पर्यटक भी रेत के बड़े-बड़े मैदानों के बीच फैली सरयू की अथाह जलराशि में नौकाबिहार करने, उसके शांत वातावरण, तटों की हरियाली व सूर्यास्त की निराली छटा के मोहपाश में बिंधकर बरबस उसकी ओर आने लगे। अब सुन्दरीकरण व नवीनीकरण के प्रयासों के तहत इस घाट को अयोध्या के दूसरे वैभवशाली घाटों से जोड़ा जा रहा है और सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो श्रद्धालु, पर्यटक व तीर्थयात्री अब जल्दी ही गुप्तारघाट से नयाघाट तक लग्जरी क्रूज सेवा की मार्फत सरयू की सैर भी कर सकेंगे। वाराणसी की तर्ज पर इस सैर में वे आठ किलोमीटर की दूरी डेढ़ घंटे में तय करेंगे। घाट को सर्वथा नया लुक देने के लिए उसकी सीढ़ियों पर मनोहर चित्रकारी तो की ही जा रही है, सरयू नदी पर गुप्तारघाट से नयाघाट तक नया तटबंध बनाकर उस पर छह मीटर चौड़ी सड़क भी बनाई जा रही है। इस घाट की ही तरह महाराज दशरथ के अंतिम संस्कार स्थल का भी, जिसे स्थानीय लोग दशरथ समाधिस्थल कहते हैं, सुन्दरीकरण करके बड़े धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकास किया जा रहा है और वहां तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए फोरलेन सड़क बनाई जा रही है। साथ ही इसकी व्यवस्था भी की जा रही है कि वहां पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को उससे जुडे. अपने सभी सवालों के जवाब मिल सकें। राममन्दिर खोले जाने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि के नये मूल्यांकन के बाद इसकी सड़क को समीपवर्ती हाइवे से भी जोड़ा जा रहा है।

सियासत से संविधान के सवाल



जिरहनामा

कनक तिवारी

महान लेखक बोरिस पास्तरनाक की सोवियत रूस में उनकी कृति डा. जिवागो को प्रतिबंधित करने को लेकर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने साहित्य अकादमी के अध्यक्ष की हैसियत में शायद खुरश्चेव को लिखकर सजा से रियायत देने आग्रह किया था। शंकर गुहा नियोगी और अरुंधति रॉय जैसे कई प्रकरणों में दुनिया के मशहूर चिंतक नॉम चॉम्स्की सहित सैकड़ों लेखकों, बुद्धिजीवियों ने सरकारों और सुप्रीम कोर्ट तक की आलोचना करने से परहेज़ नहीं किया। उनमें नोबेल पुरस्कार विजेता अमत्र्य सेन जैसे विश्व प्रसिद्ध भारतीय भी हैं।

तीन घटनाएं सियासत में हलचल मचाए हुए हैं। ब्रिटेन की प्रसिद्ध संवाद संस्था बीबीसी ने एक के बाद एक दो डाक्यूमेंट्री फिल्में रिलीज़ कीं। उनमें गुजरात के 2002 के दंगों और बाद की घटनाओं को भी उजागर करते तब की नरेन्द्र मोदी सरकार की हुकूमत को आलोचनात्मक नज़र से परखने का उद्दाम गूंथा। दोनों की सरकार समर्थक लॉबी ने लानत मलामत की। सरकार ने पहली डॉक्यूमेंट्री को प्रतिबंधित कर दिया। कहा झूठ और फरेब परोसा गया है। एक बंद हो चुके विवाद को जबरिया दुर्भावनासहित खोलने का दुस्साहस है। विवादित घटना में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को दोषमुक्त माना है। थोड़े दिनों बाद अमेरिका की व्यापार संबंधी निजी रिसर्च एजेंसी हिंडनबर्ग ने भारत के सबसे अमीर गौतम अदाणी के संस्थानों के कई तरह के व्यापारिक और कानूनी उल्लंघनों तथा सरकारी शह का कच्चा चिट्ठा जगजाहिर कर दिया। नतीजतन अडानी के कारोबार को लाखों डॉलर का धक्का लगा। वे दुनिया के तीसरे क्रम के अमीरों से नीचे खिसककर 22 वें नंबर पर आंके गए। अडानी को स्टेट बैंक और जीवन बीमा निगम सहित अन्य सरकारी स्त्रोतों से धन कबाड़ने का आरोपी कहा गया। अडानी को बिना केन्द्र सरकार की शह, मंजूरी या अनदेखी के लगभग खैरात जैसा धन नहीं दिया जा सकता था। एकजुट सभी विरोधी दलों ने संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की मांग पर सरकार की रज़ामंदी के लिए सियासती जंग छेड़ दी। केन्द्र सरकार की चुप्पी पूरे मामले को रहस्यमय बनाती रही। तीसरा हंगामा बरपा हुआ। यहूदी मूल के अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस ने अंबानी प्रकरण को लेकर एक शिखर सम्मेलन में कई वित्तीय अनियमितताओं के खुलकर आरोप लगाए। प्रधानमंत्री को उद्योगपति को संरक्षण देने के कारण राजनीतिक निष्ठा के पाठ पढ़ाने की कोशिश की। केन्द्र सरकार और भाजपा ने इसका कड़ा प्रतिवाद किया। मंत्री स्मृति ईरानी ने ऐसे करतबों को भारत की सार्वभौमिकता के खिलाफ हमला और साजिश करार दिया। बीबीसी और हिंडनबर्ग मामले में कांग्रेस ने केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री को घेरने में कोर कसर बाकी नहीं रखी, लेकिन जॉर्ज सोरोस के आरोपों को लेकर भारत की सार्वभौमिकता पर हमले का मिथक खड़ा करने कांग्रेस सहायक भूमिका में आकर उद्योगपति की लानत मालमत करने में एकजुट हो गई।

प्रश्न राजनीतिक शुचिता, ईमानदारी, प्रामाणिकता, जवाबदेही और सार्वजनिकता का तो है। लेकिन दुनिया के सबसे बहुसंख्यक और पके हुए लोकतंत्र में विदेशी किसी कथित छानबीन या राय के आधार पर आरोप लगाते हैं तो उसकी बेअनुपात प्रतिक्रिया करने का संविधान कहां आग्रह करता है? बीबीसी डॉक्यूमेंट्री चुक गए कानूनी कारतूस की तरह यदि दुबारा हमलावर कोशिश है। तो संविधान फुसफुसाता तो है कि भारत में भी ऐसी फिल्म दिखाई जाने से अभिव्यक्ति की आज़ादी का छाता उसे क्यों नहीं पनाह दे सकता? भारत में विदेशी को भी अभिव्यक्ति और वाक स्वातंत्र्य की आज़ादी के साथ अनुच्छेद 21 के तहत प्राण और दैहिक स्वतंत्रता से विधि की स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जाएगा अन्यथा नहीं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को उद्योगपति अडानी के खिलाफ होने से अनुच्छेद 19 के उल्लंघन के नाम पर प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। गौतम अडानी चाहें तो अमेरिकी अदालत में हिंडनबर्ग के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही करें। अडानी पर आरोप या नरेन्द्र मोदी पर सुरक्षा देने का आरोप होने से संविधान की हेठी नहीं होती। जॉर्ज सोरोस निजी व्यक्ति को अमेरिकी संविधान में अभिव्यक्ति की आज़ादी है। उन्होंने अडानी की आड़ लेते मोदी पर भी आरोप लगा दिया तो सार्वभौमिकता पर भूचाल मानने की क्या संवैधानिकता है। पूरा देश कमर कसकर ऐसी आवाज़ों की मुश्कें बांधने की ज़रूरत क्यों महसूस करे? पानी का बुलबुला यूं ही फूट जाता है। जॉर्ज सोरोस! उसे मूसलाधार बारिश क्यों समझा जाए? क्या आपदा में चुनावी अवसर खोजने के लिए!



महान लेखक बोरिस पास्तरनाक की सोवियत रूस में उनकी कृति डा. जिवागो को प्रतिबंधित करने को लेकर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने साहित्य अकादमी के अध्यक्ष की हैसियत में शायद खुरश्चेव को लिखकर सजा से रियायत देने आग्रह किया था। शंकर गुहा नियोगी और अरुंधति रॉय जैसे कई प्रकरणों में दुनिया के मशहूर चिंतक नॉम चॉम्स्की सहित सैकड़ों लेखकों, बुद्धिजीवियों ने सरकारों और सुप्रीम कोर्ट तक की आलोचना करने से परहेज़ नहीं किया। उनमें नोबेल पुरस्कार विजेता अमत्र्य सेन जैसे विश्व प्रसिद्ध भारतीय भी हैं। भारतीय आज़ादी के बाद युवा समाजवादी नेता डा. राममनोहर लोहिया ने रंगभेद की नीति के खिलाफ अमेरिका में सक्रिय सड़क आंदोलन में शिकरत करते जेल यातना भुगती थी। तब महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन ने कहा था डा. लोहिया से मिलने से महसूस होता है एक मनुष्य से मिला हूं। आज़ादी की लड़ाई के दौरान गांधी को अमेरिकी राष्ट्रपति ने राजनीतिक स्तर पर मदद देने पहल की थी। गांधी ने नहीं कहा आप विदेशी होकर भारतीय मामलों में दखल मत दीजिए। उन्होंने चतुराई से कहा हम अपने मामले खुद हल कर लेंगे। अपनी अमेरिका यात्रा में विवेकानन्द ने भी अमेरिकी श्रमिकों के शोषण का मामला खुले जलसों में उठाया था। भारत और नेपाल के बीच आंदोलनों में शिरकत का पारस्परिक इतिहास है। समाजवादी नेताओं जयप्रकाश और लोहिया के नेपाल और नेपाल से विश्वेश्वर प्रसाद कोइराला के भारत आने की आंदोलनकारी घटनाएं रही हैं। उन्नीसवीं सदी में इंग्लैंड के विश्व प्रसिद्ध कवि लॉर्ड बायरन सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के कारण अन्य देश यूनान में हमलावर तुर्की के खिलाफ युद्ध मैदान में खेत रहे। गांधी 22 साल तक भारतीय नागरिक रहते दक्षिण अफ्रीका में अंगरेज़ सरकार के खिलाफ इतिहास के आंदोलनकारी हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में प्रधानमंत्री रहते मोदी ने भी तो 'अब की बार ट्रम्प सरकार' का नारा बुलन्द किया था। जो बाइडेन तो नहीं बिफरे। अभिव्यक्ति की नागरिक आज़ादी का लोकतांत्रिक विस्तार वैश्विक है। नागरिक आवाज़ को राष्ट्रीयता की बन्दिशों का हवाला देते गला नहीं घोंट दिया जा सकता। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग जूनियर, अफ्रीका में नेल्सन मंडेला और म्यामांर में आन सांग सू की घोषित तौर पर गांधीवादी सत्याग्रह के सिपाही रहे हैं। भारत की अप्रत्यक्ष प्रतिरोध की भूमिका रही है। भारत ने नेल्सन मंडेला को भारत रत्न का खिताब दिया। स्वाधीनता आंदोलन तथा क्रांति में शिरकत करने के कारण विवेकानन्द ने अपनी ही सहयोगी सिस्टर निवेदिता को रामकृष्ण मिशन के कामों से बेदखल तक कर दिया था। कोई विवादास्पद फिल्म या रिपोर्ट भी रिलीज़ करे या उद्योगपति नेता सम्बन्धों पर आरोप लगाए। तो लोक व्यवहार में ऐसे आरोप अनदेखी या उपेक्षा के लायक हैं। उन्हें तूल देना गैरआनुपातिक है। आरोप प्रत्यारोप 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट बैंक पर अपनी अपनी पकड़ बनाते मकसद लगें, तो लोकतंत्र में चुनाव की गणित मतलबपरस्त होती है। संविधान का आकाश व्यापक और अनंत है। संविधान के रहते नेता और अन्य लोग अपनी सहूलियत का आचरण करते उसे जनमानस के गले क्यों उतारते रहते हैं?

भावना मनुष्य के लिए है पारसमणि



संकलित

दर्शन

भावना ही वह प्रमुख आधार है, जो प्रसुप्त पड़ी आंतरिक शक्तियों को जगा देती है। उनमें गति उत्पन्न करती है। भावना से साधना-उपासना के फलीभूत होने का तात्पर्य शक्तियों का गतिमान होना ही है। विज्ञानवेत्ताओं ने भी भावना की महत्ता को स्वीकार किया है और भौतिक प्रयोगों में सफलता प्राप्त की है। भावना से कुछ ही क्षणों में मुंह के घाव, शरीर के अन्य घाव, कैंसर, मूत्राशय के रोग और टीबी आदि के रोगियों के यह रोग पूर्णतः मिटते हुए देखे गए हैं। कोढ़ एवं अन्यान्य त्वचा रोग से पीड़ित लोग स्वस्थ हुए हैं। कनाडा के सुप्रसिद्ध चिकित्सा विज्ञानी डा. सी अल्बर्ट ई विल्फ भावना के माध्यम से ही चिकित्सा करते थे। भावना से सिद्धियां प्राप्त करने, आरोग्य एवं दीर्घायु प्राप्त करने तथा अन्य प्रकार के लाभ उठाने की इस वैज्ञानिक पद्धति को भारतीय ऋषि-मनीषियों ने बहुत पहले खोज लिया था, जिसकी पुष्टि आधुनिक विज्ञानवेत्ता भी कर रहे हैं। भावना का वह प्रभाव आज भी प्राप्त किया जा सकता है, बशर्ते भावना भीतर की गहराई से होनी चाहिए। पत्थर की मूर्ति में चेतना इसी गहरी भावना से जाग्रत तथा मूर्तिमंत होकर वरदान देती है। यह मनुष्य के पास सहज रूप से उपलब्ध अनमोल पारसमणि है। इसका सदुपयोग करना सीखना चाहिए।

श्रीकृष्ण के हाथों एकलव्य वीरगति को प्राप्त हुए थे

संकलित

प्रेरणा

महाभारत की कथा में कई अंतरकथाएं हैं और कई कथाएं जनश्रुति या मान्यता के आधार पर भी हैं। उन्हीं में से एक कथा है एकलव्य की। सभी जानते हैं कि एकलव्य को गुरु द्रोण ने शिक्षा नहीं दी थी और बाद में उन्होंने दक्षिणा के रूप में एकलव्य का अंगूठा मांग लिया था। क्योंकि गुरु द्रोण नहीं चाहते थे कि अर्जुन के अलावा कोई भी श्रेष्ठ धनुर्धर हो। दूसरा यह कि उन्होंने भीष्म पितामह को वचन दिया था कि मैं कौरवपुत्रों के अलावा किसी को शिक्षा नहीं दूंगा। ऐसी मान्यता है कि अंगूठा कट जाने के बाद भी एकलव्य की धनुष विद्या में कोई कमी नहीं आई थी। महाभारत काल में एकलव्य अपनी विस्तारवादी सोच के चलते जरासंध से जा मिला था। जरासंध की सेना की तरफ से उसने मथुरा पर आक्रमण करके एक बार यादव सेना का लगभग सफाया कर दिया था। ऐसा भी कहा जाता है कि यादव सेना के सफाया होने के बाद यह सूचना जब श्रीकृष्ण के पास पहुंचती है तो वे भी एकलव्य को देखने को उत्सुक हो जाते हैं। दाहिने हाथ में महज चार अंगुलियों के सहारे धनुष बाण चलाते हुए एकलव्य को देखकर वे समझ जाते हैं कि यह पांडवों और उनकी सेना के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। तब श्रीकृष्ण का एकलव्य से युद्ध होता है और इस युद्ध में एकलव्य वीरगति को प्राप्त होता है। हालांकि यह भी कहा जाता है कि युद्ध के दौरान एकलव्य लापता हो गया था।

अंतर्मन



दिल्ली MCD में दूसरे दिन भी पार्षदों में मारपीट
कुछ नहीं बेटा पापा एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं।

आज की पाती

नकल की गलत आदत कैरियर के लिए हानिकारक

देश के विकास में पढ़े-लिखे नागरिकों का योगदान सर्वोपरि माना जा सकता है, लेकिन पढ़े-लिखे का मतलब नकल करके या फिर अनुचित तरीके से कोई डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि किताबों के ज्ञान को दिमाग में अच्छी तरह बिठाना होता है। अफसोस की बात यह है कि हमारे देश में लोग किसी भी उचित-अनुचित तरीके से डिग्री हासिल करना चाहते हैं। शिक्षा प्रणाली के दोष देश के लिए दीमक होते हैं। भारत में शिक्षा संस्थाओं और प्रतियोगिताओं में भी नकल करने-करवाने के मामले मीडिया में सुर्खियां बनते हैं।

- **महेश काले**, बिलासपुर

करंट अफेयर

अमेरिकी मंत्री ब्लिंकन अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे और अमेरिका की ओर से मजबूत भागीदारी की पुष्टि करने के लिए वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। भारत ने पिछले साल एक दिसंबर को जी20 की अध्यक्षता संभाली थी। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने गुरुवार को कहा कि ब्लिंकन जी20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए एक मार्च को नयी दिल्ली जाएंगे। इस बैठक में बहुपक्षवाद को मजबूत करने तथा खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने, सतत विकास, मादक पदार्थ के खात्मे, वैश्विक स्वास्थ्य, मानवीय सहायता और आपदा राहत तथा लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्राइस ने कहा, 'वह (ब्लिंकन) हमारी मजबूत भागीदारी की पुष्टि करने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों और नागरिक समाज के सदस्यों से मुलाकात करेंगे।' विदेश मंत्री तीन मार्च तक भारत में रहेंगे। ब्लिंकन 28 फरवरी से दो मध्य एशियाई देशों कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान की यात्रा के बाद भारत पहुंचेंगे।

ऑफ बीट

नए खगोलीय पिंडों की प्रवृति जानने एआई का उपयोग



नई दिल्ली। वैज्ञानिक तारों और पुच्छल तारों जैसे हजारों नए खगोलीय पिंडों की प्रकृति को जानने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तहत आने वाली मशीन लर्निंग की मदद ले रहे हैं। मुंबई स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) और तिरुवनंतपुरम स्थित भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के अनुसंधानकर्ता अप्लाइड मशीन लर्निंग प्रौद्योगिकी का उपयोग हजारों खगोलीय पिंडों पर कर रहे हैं जिन्हें नासा के चंद्र अंतरिक्ष वेधशाला में एक्स रे तरंगो (0.03 से तीन नैनोमीटर आकार वाले) के जरिये देखा गया है। इस अध्ययन को मंथली नोटिस ऑफ रॉयल एस्ट्रोनॉमिल सोसाइटी नामक पत्रिका में प्रकाशित किया गया और इस प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करीब 2,77,000 एक्स रे पिंडों पर किया गया जिनमें से अधिकतर की प्रकृति अज्ञात थी। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि अज्ञात पिंडों की प्रकृति का वर्गीकरण भी विशेष श्रेणी के पिंडों की खोज के समान ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस अनुंसधान से ब्लैक होल, न्यूट्रॉन तारे, क्षुद्र तारे और तारों आदि की विभिन्न श्रेणियों के हजारों खगोलीय पिंडों की विश्वसनीय खोज हो सकेगी।

ट्रेंड

गरीब कल्याण का विजन

मोदीजी ने गरीबी को नजदीकी से देखा है इसलिए उनकी नीतियों में गरीब कल्याण का विजन है। मोदी सरकार में एक क्रोनोलॉजी के तहत नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

-अमित शाह, गृह मंत्री

मानवता के लिए काम करें

करुणा और प्रेम कोई विलासिता नहीं है; वे अस्तित्व के लिए जरूरी हैं। देखभाल की भावना के बिना, समुदाय की भावना नहीं हो सकती। हमें न केवल अपने लिए,बल्कि पूरी मानव जाति के लाभ के लिए काम करना सीखना चाहिए।

-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

यूक्रेन के साथ एकजुट

आज हम यूक्रेन के लोगों के साहस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके शहीदों को याद करते हैं। पुतिन की क्रूरता के खिलाफ ब्रिटेन यूक्रेन के साथ एकजुट है-न केवल एक संप्रभु राज्य की रक्षा में, बल्कि लोकतंत्र की भी।

-थेरेजा मे, पूर्व ब्रिटिश पीएम

जोखिम उठाना पड़ेगा

अधिकांश लोगों को मनचाहा जीवन नहीं मिलता क्योंकि वे अपने सुविधा क्षेत्र से दूर नहीं जाते हैं और आवश्यक जोखिम उठाते हैं। जीवन जोखिम लेने के बारे में है। यदि आप जोखिम नहीं उठाते हैं, तो आप अपने सपनों को कभी हासिल नहीं कर पाएंगे।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

सीलीबावडी सीनियर स्कूल मे वार्षिकोत्सव और भामाशाह और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के थानागाजी मे किशोरी के समीपवर्ती गांव सीलीबावडी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को भामाशाह श्रीनिवास मीणा की अध्यक्षता व पीईईओ लालचंद मीणा के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीबीईईओ द्वितीय रामेश्वर दयाल मीणा थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पप्पू राम वर्मा,प्रभुदयाल मीना मौजूद थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी तथा इस दौरान भामाशाह मुकेश शर्मा ने बच्चों के लिए ठंडा पानी पीने हेतु वाटर कूलर भेंट किया। प्रधानाचार्य लालचंद मीना ने 4 व मुकेश पटेल ने बच्चों के बैठने के लिए 1 ग्रीन मैट भेंट की। विधालय स्टाफ सदस्यों ने अपनी और से विधालय में माइक व स्पीकर सैट भेंट किया । विद्यालय विकास में योगदान देने वाले भामाशाहों,प्रतिभाशाली विद्यार्थी व बॉलीवाल में स्टेट खेलकर आने वाले लक्की कुमार व जिला स्तरीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का विधालय परिवार की और से प्रशस्ति पत्र व शील्ड भेंटकर सम्मान किया । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लालचंद मीना ने विधालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर व्यख्याता रिछपाल मीना, अध्यापक सोहनलाल पालीवाल, सियाराम मीना,आशा वर्मा,पूरण मीना,रोशन शर्मा,जगमाल सिंह,सूरजभान, कैलाश चंद नंदकिशोर सहित अन्य स्टाफ सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे। प्रधानाचार्य लालचंद मीना ने भामाशाहों के द्वारा विधालय विकास में दिए गए योगदान की प्रशंसा करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया व समारोह में आने पर अतिथियों,भामाशाहों का आभार व्यक्त किया व बोर्ड कक्षाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम देने के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया ।मिडिया को यह सारी जानकारी गोलाकाबास से रितिक शर्मा के द्वारा दी गई है।

भाजपा किसान मोर्चा अलवर के कार्यकताओं ने मनाया गया "नमो किसान सम्मान दिवस"

गरीबों का सितारा

रुपेश शर्मा, अलवर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के सम्मान में चलाई जा रही किसान सम्मान निधि योजना के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे नमो किसान सम्मान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा अलवर (दक्षिण) जिलाध्यक्ष गोरधन सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में आज ग्राम राठीबास,बहादुरपुर मण्डल में किसानों का सम्मान कर नमो किसान सम्मान दिवस मनाया।इस दौरान कार्यक्रम में पधारे सभी किसानों का दुपट्टा पहनाकर एवं वरिष्ठ उम्रदराज 11 किसानों को साफा पहनाकर सम्मान कर नमो किसान सम्मान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी गुड्डू सैनी ने सम्बोधित करते हुए कहां कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस प्रकार से अन्तिम पक्ती में बैठे गरीब निर्धन के लिये अनेको जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर गरीबों का भला किया है एवं आजादी के बाद किसानों को पहली बार किसान सम्मान निधि देकर किसानों का असली सम्मान किया है। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश भार्गव ने सम्बोधित करते हुए किसानों को केन्द्र सरकार की योजनाए एवं योजना में मिलने वाली सब्सीडी के बारे में अवगत कराया एवं केन्द्र सरकार की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिये विस्तृत रूप से जानकारी दी। इसी प्रकार अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलवन्त सिंह ने भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी जाटव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष इब्राहीम खान, एस.सी. मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष जय भगवान जाटव ने भी किसानों को सम्बोधित किया। आज कार्यक्रम के संयोजक किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश सावरिया एवं सह संयोजक मण्डल अध्यक्ष सरदार बूटा सिंह ने कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्थानीय पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों के साथ पार्टी का दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। मंच संचालन भाजपा मण्डल महामंत्री विक्रम सिंह (विक्की) ने किया एवं भाजपा मण्डल अध्यय सत्यवीर यादव ने सभी को घन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में किसान मोार्चा के जिला मीडिया प्रभारी विशाल गांधी जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी अभिषेक कुमावत,भाजपा मण्डल महामंत्री मोतीलाल, मण्डल उपाध्यक्ष धर्मपाल यादव,मण्डल मंत्री उदय सिंह नरूका,विवेकानंद मंडल अध्यक्ष रणदीप सिंह लकी महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आरती जाटव, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विष्णु अवतार, रोहिताश यादव, गुरूबक्ष जाटव, सरदारा सिंह पीलवा, लल्लू जांगिड, सज्जन सिंह, रिछपाल, लीलाराम, सिंगारा सिं, गुरूमीत सिंह, रामजीलाल, रामदयाल, नेतराम, विष्णु अवतार, मोती लाल, रोहिताश यादव, सिकन्दर सहित सैकड़ों किसान भाई एवं ग्रामवासी शामिल रहे।

उपखंड अधिकारी बाबा श्याम के भक्तों की सुविधाओं का रख रहे पूरा ध्यान

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़ के निदेर्शानुसार खाटूश्याम मेले में बाबा श्याम के भक्तो को मार्ग में सुविधा को लेकर किसी तरह की कोई परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसे लेकर नगर पालिका को मोबाइल टॉयलेट स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। जिस पर उपखंड अधिकारी जाखड़ के निदेर्शानुसार राधा स्वामी बाग कट पर नगर पालिका चौमू द्वारा मोबाइल टॉयलेट स्थापित किया गए है ।साथ ही उपखंड अधिकारी द्वारा टाटिया वास टोल प्रबंधन पेट्रोलिंग कंपनी को एनएच 52 पर खाटूश्यामजी मेले को देखते हुए बंद पड़ी लाइटों को चालू करने के दिशा निर्देश दिए गए साथ ही रास्ते में बिखरे हुए शीशे के टुकड़ों को साफ करने व पदयात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन में हुआ विस्तार

करीब 4 नवीन सदस्यो को दी जा रही है लगातार सदस्यता

अलवर जिला संयुक्त सचिव महेश चन्द्र मीना सक्रिय रूप से भागीदारी निम्भा रहा है संगठन को मजबूत करने मे

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना ने मिडिया को बताया है कि हमारा यह संगठन पूरे भारत देश के सभी राज्यो मे बहुत सक्रिय है और आमजन के हित मे अन्याय व भ्रष्टाचार के विरुद्ध लगातार परैवी कर रहा है , हमारे इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जबरदस्त मुहिम चलाना है और महिलाओ के अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाना है व भ्रष्टाचारियो का पदार्फाश करना है तथा पुलिस प्रशासन का भी सहयोग करना है तथा आरटीआई एक्ट 2005 का उपयोग कर भ्रष्टाचार को भी उजागर करना एवं अन्य कई प्रकार भी काम जो आमजन के हित मे हो। यह संगठन भारत सरकार द्वारा रिकोग्नाइज्ड संगठन है और इस संगठन का रजिस्ट्रेशन नम्बर 26/2019 है , यह संगठन बहुत ही तीव्र गति से पूरे भारत देश मे विस्तार कर रहा है। इसी विस्तार कडि मे राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से महेश चन्द मीना अलवर जिला संयुक्त सचिव द्वारा अलवर की रैणी तहसील सहित पूरे अलवर जिले मे लगातार संगठन सदस्य बनाये जा रहे है जिनमे शुक्रवार को कृपाली मीना नांगल सोहन से व सुरेश चन्द सैनी रैणी से और दीपक कुमार जागा रैणी तथा जितेन्द्र कुमार यादव कालाकुआ

अलवर से संगठन सदस्य के रूप मे बनाये गए है। यह सदस्यता महेश चन्द मीना अलवर जिला संयुक्त सचिव के द्वारा मनोनयन पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार दी गई है। इस संगठन मे संगठन सदस्य निःशुल्क सदस्य बनाये जाते है तथा संगठन सदस्य को पदाधिकारी द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया जाता है। यह संगठन आमजन के हित मे सम्बन्धित जिम्मेदार उच्चाधिकारीगणो से सहयोग प्राप्त कर कामयाबी प्राप्त करने मे विश्वास रखता है। मिडिया को यह सारी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीना के द्वारा दी गई है।

भनोखर में ल्यूपिन हुमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन अलवर की ओर से जागरुकता कार्यक्रम

नुक्कड़ नाटक कठपुतली शो के माध्यम से गांव में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गरीबों का सितारा

रैणी (अलवर), महेश चन्द मीना। अलवर के कठूमर उपखण्ड क्षेत्र के भनोखर मे ल्यूपिन ह्युमन वेलफेयर एण्ड रिसर्च फाउंडेशन अलवर की और से नुक्कड नाटक कठपुतली शो के माध्यम से गांव मे आमजन को जागरूकता लाने के कार्यक्रम आयोजित किया गया। देशबंधु जन आरोग्य सेवा समिति द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रस्तुत संक्रामक रोगों के कारण उनके लक्षणों की रोकथाम तथा व्यायाम और उपचार की जानकारी और नशा मुक्ति कार्यक्रम की जानकारी देकर ग्रामीणो को जागरूक किया गया। जिसमें लोक कलाकारों की टीम ने नुक्कड नाटक से रोगो और नशे से बचाव का संदेश दिया। इस अवसर पर भनोखर

पीएचसी की एएनएम कमलेश जाट, नीलम चौधरी, आशा सहयोगनी बबीता सहित ग्रामीण महिला पुरूष मौजूद रहे ।मिडिया को यह सारी जानकारी कठूमर से अशोक कुमार जैन के द्वारा दी गई है।

शहर विधायक ने विशेष योग्यजन के लिए की बीपीएल के समकक्ष सुविधाएं प्रदान की मांग

जो सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं उनके परिवारों को बीपीएल के समकक्ष सुविधाएं प्रदान किए जाने हेतु की गई घोषणा के क्रियान्वयन हेतु आदेश जारी किए जाने की मांग की

गरीबों का सितारा

युवराज शर्मा, अलवर। शहर विधायक संजय शर्मा ने विधानसभा सत्र दौरान विधानसभा के प्रकिया नियम 131 के अंतर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत कर निवेदन किया कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा बजट वर्ष 2021- 22 में घोषणा की थी कि राज्य के ऐसे विशेष योग्यजन जो सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं उनके परिवार को बीपीएल के समकक्ष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी घोषणा की क्रियान्वित हेतु शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने

13/04/22 में आदेश जारी किया है लेकिन विभाग द्वारा इस योजना की कोई गाइडलाइन आज तक जारी नहीं की है जिससे इस योजना से लाभान्वित हो सकने वाले परिवारों में असमंजस की स्थिति है,राज्य में वर्तमान में करीब 6 लाख 20 हजार विशेष योग्यजन पेंशनर्स है और चूंकि इस योजना का लाभ उनके परिवार के सदस्यों को भी मिलना है इस तरह इस योजना के दायरे में करीब 25 लाख की आबादी आती है लेकिन विभागीय अधिकारियों ने महज एक आदेश जारी कर इतिश्री कर ली है बीपीएल परिवार घोषित होने के पश्चात किन-किन योजनाओं का लाभ मिलेगा, कैसे मिलेगा, इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए कहां आवेदन करना होगा, किसी को कुछ भी जानकारी नहीं है और न विभाग के द्वारा इस संबंध में कोई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा विशेष योग्यजनों को बीपीएल के समकक्ष सुविधाएं दिए जाने बाबत कोई दिशानिर्देश जारी नहीं करने के कारण विशेष योग्यजनों एवं उनके परिवारों को बीपीएल परिवारों को दी जाने वाली सुविधाएं यथा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निशुल्क खाद्य सामग्री, चिरंजीवी हेल्थ स्कीम मै 850/रूपए की माफी, शून्य बिजली बिल, साल में 12 एलपीजी सिलेंडर 500/रूपए में, प्रति माह निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट,आवास योजना, रियायती दर पर कृषि बिजली कनेक्शन आदि विभिन्न लाभों से दिव्यांग महरूम हो रहे हैं माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा की शीघ्र क्रियान्वित करते हुए दिव्यांग जनों को भी बीपीएल के समान सुविधा प्रदान के आदेश जनहित में शीघ्र जारी किया जाना जरूरी है। अंत मैं माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जी से मांग करता हूं कि राज्य के ऐसे विशेष योग्यजन जो सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त कर रहे हैं उनके परिवारों को बीपीएल के समकक्ष सुविधाएं प्रदान किए जाने बाबत शीघ्र आदेश जारी किए जाए ताकि उक्त परिवारों को राहत प्रदान की जा सके।

रामगढ़ निवासी बिना पिता की बेटी सुमन बैरवा की शादी आज

पीले हाथ कर राज्यसभा सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा बेटी को विदा करेंगे

शादी को लेकर पूर्व प्रधान राजेंद्र मीणा ने पीले चावल देकर लोगों को किया आमंत्रित

गरीबों का सितारा

महुआ। राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा द्वारा महुआ विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ निवासी सुमन बैरवा नामक लड़की के पिता की मृत्यु होने पर तीय की बैठक में जाने पर परिवार की माली हालत खराब होने की जानकारी होने पर उसे अपनी बेटी मानकर शादी करने का संकल्प लिया था। जिसे अब वह पूरा करने के लिए आज 25 फरवरी को बेटी की शादी हाथ पीले कर ससुराल के लिए विदा करेंगे। शादी को लेकर भाजपा

नेता पूर्व प्रधान राजेंद्र मीना ने विधानसभा क्षेत्र महवा के महुआ कस्बा मुख्य बाजार, मंडावर कस्बा मुख्य बाजार सहित क्षेत्र के, ऐदलपुर, बनावड़, हाडोली, हाड़ा का बास, मुनापुरा, कोट, हल्देना, नांगल चारण, उकरूंद, रसीदपुर सहित दर्जनों गांवों में सर्व समाज के पंच पटेलो व ग्रामीणों को राज्यसभा सांसद डॉ किरोडी लाल मीणा द्वारा गोद ली गई बेटी सुमन की शादी का निमंत्रण देकर शादी में पधारने और बेटी सुमन बेरवा को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए निवेदन किया। भाजपा नेता राजेंद्र मीना ने बताया की विगत दिनों रामगढ़ निवासी मृतक गोपी बैरवा के तीये की बैठक पर घर ढांढस बंधाने गए राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीना ने परिवार की माली हालत देखकर सुमन बैरवा की शादी करने का भरोसा दिलाया था।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद समाजसेवी लोगों, वरिष्ठ नेता व लोगों की उपस्थिति में बेटी सुमन को उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ससुराल के लिए धूमधाम से विदा करेंगे। शादी की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कार्यकताओं की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां दी गई।

तकनीकी शिक्षा मंत्री का किया स्वागत

गरीबों का सितारा

राजगढ़ (अलवर)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की ओर से अलवर-सिकंदरा मेगा हाइवे मार्ग स्थित मुनपुर गांव में तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग का फूल माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिलाध्यक्ष अजय विजय ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री सुभाष गर्ग का जयपुर से अलवर जाते समय मुनपुर गांव में स्वागत सम्मान किया गया।इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री रघुनंदन शर्मा, प्रांतीय संभागीय अध्यक्ष जगदीश मीणा,प्रांतीय सचिव रोशन सैनी, जिला सभा अध्यक्ष अशोक मुखिया,अनिल योगी,लल्लू राम मीणा, शिवचरण शर्मा,अशोक शर्मा,जगदीश प्रजापत, रामनिवास मीणा, धर्मपाल मीणा,सोहन लाल मीणा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री शर्मा का किया स्वागत अभिनंदन

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा। रामकिशन वैष्णव राजस्थान सरकार में विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राज्य मंत्री महेश शर्मा का नेशनल हाईवे पर स्थित कुमावत रिसोर्ट पर पंचायत समिति हुरडा प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हस्तीमल चौधरी गागेडा, नगर अध्यक्ष गुलाबपुरा मधुसूदन पारीक ,मंडल अध्यक्ष गजराज गुर्जर , जमना लाल कुमावत ,इंटक महामंत्री हेमराज माली, युवा नेता बंटी लोहार, बबलू कुमावत ने राज्यमंत्री को माला एवं मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर भगवान परशुराम जी का छायाचित्र भेट किया। राज्यमंत्री शर्मा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष का संगठन में नवीन जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कांग्रेश संगठन को और अत्यधिक मजबूत बनाने की बात कही।

ट्रैन की चपेट में आने से युवक की मौत

गरीबों का सितारा

राजगढ़ (अलवर)। राजगढ़ रेलवे स्टेशन के यार्ड में बीती देर रात्रि अज्ञात ट्रैन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर जीआरपी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले राजगढ़ सीएचसी की मोर्चरी में पहुंचाया। जीआरपी के हैडकांस्टेबल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात्रि राजगढ़ रेलवे स्टेशन मास्टर ने सूचना दी की अज्ञात ट्रैन से एक जना रन ओवर हो गया है। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया एवं शव को कब्जे में लेकर राजगढ़ चिकित्सालय की सीएचसी में पहुंचाया। जहां मृतक के परिजन पहुंच गए। मृतक की पहचान ग्राम गोवर्धनपुरा टहला निवासी बलराम (22 वर्ष) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में ग्राम गोवर्धनपुरा निवासी मृतक के पिता केदारप्रसाद सैन ने रिर्पोट पेश कर बताया कि उनका लड़का बलराम करीब 2 साल से राजगढ़ में रहकर निजी विधालय व कॉलेजो में प्रवेश दिलाने का कार्य करता था। जिसकी मृत्यु अज्ञात ट्रैन की चपेट में आ जाने से हो गयी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप जांच शुरू करदी है।

54 वां स्थापना दिवस...राजस्थान आवासन मण्डल का स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ

कार्मिकों के जोश और मेहनत से मंडल कर रहा नित नए कीर्तिमान कायम : आवासन मंडल आयुक्त

भगवान गणेश पूजा के साथ मनाया कार्यक्रम

गरीबों का सितारा

जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल के 54वें स्थापना दिवस के मौके पर आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि कार्मिकों के जोश और मेहनत से मंडल नित नए कीर्तिमान कायम कर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी का जोश इसी तरह कायम रहे और मंडल प्रदेश ही नहीं देश भर में प्रभावी कार्यशैली में मिसाल कायम करे। अरोड़ा शुक्रवार को मंडल मुख्यालय ह्यआवास भवनह्य में स्थापित गणेश मंदिर में स्थापना दिवस के अवसर पर पूजा अर्चना कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कार्मिकों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। आवासन आयुक्त ने कहा कि मंडल अधिकारियों-कर्मचारियों के बूते नित नए कीर्तिमान बन रहे है, मंडल 14 से ज्यादा अवार्ड अपनी झोली में डाल चुका है। मंडल पिछले 4 वर्षों में सरप्लस आवासों में से 14.5 हजार से ज्यादा आवास बिक्री कर चुका है और लगभग 4 हजार आवासों का निर्माण कर कब्जा भी दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत 4.5 हजार आवासों का माह मार्च में कब्जा दे दिया जाएगा। इसके साथ ही आगामी 1 मार्च को लगभग 4500 नए आवासों के लिए योजनाएं लॉन्च करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि मण्डल का टर्नओवर अब बढकर कुल 8 हजार करोड़ को पार कर चुका है। इस अवसर पर श्री गणेश को प्रतिमा को सजाया गया और मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सचिव अल्पा चौधरी, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, महासचिव प्रदीप शर्मा, संयुक्त सचिव गोविंद नाटाणी सहित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हम सबकी वाइस पाक्षिक समाचार पत्र का हुआ विमोचन

माली समाज के विवाह सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों ने किया विमोचन

गरीबों का सितारा

गुरला। बद्री लाल माली माली समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में पाक्षिक समाचार पत्र हम सबकी वाइस का विमोचन किया गया। समाचार पत्र के संपादक भेरु लाल माली ने बताया कि आमजन की आवाज प्रशासन व सरकार तक पहुंचाने व खेलकूद, बिजनेस, राजनीति, शासन-प्रशासन से जुड़ी जानकारियां आमजन तक पहुंचाने तथा मानव कल्याण हेतु उनके द्वारा पाक्षिक समाचार पत्र शुरू किया गया जिसका सम्मेलन में आए भाजपा जिला अध्यक्ष लादू लाल तेली, भीलवाड़ा विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, डॉक्टर शंकर लाल माली ,कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी अनिल डांगी, मांडल प्रधान शंकर लाल कुमावत, मोड़ का निम्बाहेड़ा सरपंच प्रतिनिधि राजू माली,माली सैनी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल लाल माली, प्रदेश संगठन मंत्री कन्हैयालाल माली, माली कर्मचारी संस्था के अध्यक्ष तोताराम सांखला, सचिव कन्हैयालाल बुलिवाल, संगठन मंत्री गोपाललाल माली, निःशुल्क सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष बंशीलाल माली, छोटूलाल गोयल, एडवोकेट राजकुमार माली, युवा महासभा के जिलाध्यक्ष हरनारायण माली, सत्यनारायण डाबला, शंकरलाल गोयल, नानूराम गोयल, रामस्वरूप, पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग, पार्षद लाभ शंकर चोबे, सूरज कुमार विश्नोई, कालू माली, सच्ची रिपोर्ट न्यूज के भीलवाड़ा ब्यूरो चीफ बृजेश शर्मा व समाज के प्रबुद्ध जन द्वारा विमोचन किया गया।

माली समाज विकास सेवा संस्थान पुर, जिला भीलवाड़ा
द्वारा आयोजित
माली समाज प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन
विवाह सम्मेलन
भामाशाह

विद्यालय का वार्षिकोत्सव एंव विदाई समारोह हुआ सम्पन्न

गरीबों का सितारा

गुलाबपुरा, रामकिशन वैष्णव। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नया जोरावरपुरा गुलाबपुरा का वार्षिकोत्सव एंव विदाई समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जब्बर सिंह सांखला एंव अध्यक्षता प्रधान कृष्ण सिंह राठौड़ ने की व विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका उपाध्यक्ष साँवरनाथ योगी ने एवं पूर्व पार्षद रामकुंवार चौधरी, भाजयुमो जिला मंत्री एडवोकेट पीयूष मेवाड़ा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष परमेश्वर शर्मा मौजूद रहे।कार्यक्रम में विद्यालय में छात्राओं ने तिलक एंव माल्यार्पण कर अतिथियों का स्वागत किया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विधायक सांखला एंव अतिथियों ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विधायक सांखला ने विद्यालय में कक्षा कक्ष के निर्माण के लिए 7 लाख रुपये की घोषणा की एवं विद्यालय को 8 वी से क्रमोन्नत कर 12 वी कक्षा तक करवाने के लिए विधानसभा सत्र में पुरजोर प्रयास का आश्वाशन दिया। प्रधानाचार्य रश्मी जैन एवं पार्षद रोहित चौधरी ने विधायक व प्रधान राठौड़ का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद महादेव जाट, प्रतिनिधि महेंद्र सिंह चुंडावत, शिवसिंह राठौड़ ,हेमसिंह राठौड़ ,महेंद्र जाट,नाहरसिंह ,रामदेव माली,रोशन माली,सहित वार्डवासी मौजूद थे।

एप्पटेड टेक्नोलोजीज को मिला अवार्ड

गरीबों का सितारा

महवा। ट्रांस्फॉर्मन्स फोरम द्वारा फरवरी में बेंगलुरु में आयोजित द्वितीय वार्षिक टेक टैलेंट समिट अवार्ड - 2023 में टेक टैलेंट - बेस्ट डाईवर्स हायरिंग स्ट्रेटेजी ऑफ द ईयर इन आईटी अवार्ड एप्पटेड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को मिला। कंपनी के डायरेक्टर रिक्रूटमेंट अतुल जोशी ने बताया कि एप्पटेड एक आईटी कंसल्टिंग फर्म है जिसके संस्थापक अमित दुबे और अरविन्द सिंह है। यह फर्म क्लाउड माइग्रेशन, इंटेलीजेंट ऑटोमेशन, बिजनेस इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड इंटेलिजेंस जैसी सर्विसेज प्रोवाइड करती है। फार्म के अमेरिका में तीन से ज्यादा ऑफिस है और भारत में रांची, नॉएडा और बेंगलुरु में इनके ऑफिस है और जल्द ही जयपुर और पुणे में ऑफिस खोलने की तैयारी है। एप्पटेड की तरफ से ये अवार्ड संजीव वर्मा (वी. पी. बिजनेस स्ट्रेटेजी), रवि रंजन प्रसाद (ऑपरेशनल हेड - इंडिया) और अतुल जोशी (डायरेक्टर रिक्रूटमेंट) ने ग्रहण किया। अतुल जोशी मूलतः दौसा जिले के मंडावर कस्बे के निवासी हैं।

TECH TALENT
TECH TALENT LEADERS

पैदल यात्रियों के लिए लगाया शिविर, 28 तक रहने-खाने-चिकित्सा सेवा जारी

होटल हाईवे एक्सप्रेस

गरीबो का सितारा

वी.पी.मीणा बहरोड। दिल्ली जयपुर हाइवे के होटल हाइवे एक्सप्रेस पर सीकर खाटूश्याम मन्दिर में पद यात्रियों के लिए चिकित्सा एवं खानपान शिविर का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान होटल स्टाफ एवं लायन्स क्लब किंग के सदस्य मौजूद रहें। खाटूश्याम पद यात्रियों के लिए पांच दिवसीय निशुल्क चिकित्सा एवं जलपान शिविर का शुक्रवार को होटल हाईवे एक्सप्रेस के पास शुभारम्भ किया गया। जिसमें 24 फरवरी से 28 फरवरी तक हाईवे से जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए खानपान व चिकित्सा शिविर में खाने व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्थाएं की गई है। इस दौरान होटल निदेशक वीरेन्द्र यादव, लायन्स क्लब किंग अध्यक्ष राकेश रोहिल्ला, प्रमोद अग्रवाल, राजेश बिल्लु, प्रदीप यादव,कवित गुप्ता, होटल मैनेजर सीताराम वर्मा, शुभम त्रिपाठी, व्यवसायी नरेन्द्र राजु, मंजीत गोकुलपुर,समाजसेवी मुकेश यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना के सहयोग से करीब 250 बेरोजगार युवाओं ने हैवेल्स कम्पनी में कराया रजिस्ट्रेशन

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन बन्नाराम मीना के नेतृत्व रैणी उपखण्ड क्षेत्र के पिनान कस्बे मे ज्योतिबा फुले पार्क मे लगभग 250 बेरोजगार युवाओ ने अलवर की हैवेल्स कम्पनी मे अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमे पूर्व चेयरमैन मीना का अथक प्रयास रहा है क्योंकि मीना ने बेरोजगार युवाओ के लिए बहुत सारी सुविधाऐ दिलाने का बीडा उठा रखा है जैसे कि बेरोजगार युवाओ को फ्री मे ही राजगढ व अलवर मे कम्पीटीशन कोचिंग संस्थान संचालित कराना आदि प्रयास है और इसी कडि मे एक प्रयास यह भी जारी है कि जो युवा आईटीआई करके बेरोजगार बैठा है उनके लिए अलवर से कम्पनी के अधिकारियो को ग्रामीण क्षेत्र मे लाकर बेरोजगार युवाओ का रजिस्ट्रेशन करा रहा है और कम्पनी मे आने जाने के लिए बस व्यवस्था भी जिसमे रियायत दर पर किराया यह भी व्यवस्था कराई जा रही है। रामकेश ब्याडवाल ने मिडिया को बताया कि शुक्रवार को पिनान मे लगभग 250 युवाओ ने हैवेल्स कम्पनी मे रजिस्ट्रेशन कराया और आगामी 27 फरवरी को लक्ष्मणगढ मे रजिस्ट्रेशन कराया जावेगा।

करुणा क्लब सदस्यों ने बचाई गाय की जान

गरीबों का सितारा

गुरला। बद्री लाल माली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लांबिया कला में करुणा अंतरराष्ट्रीय चेन्नई के तत्वाधान में संचालित करुणा क्लब के सदस्यों ने मूक प्राणियों के प्रति करुणा भाव दिखाते हुए,बुरी तरह कीचड़ में फंसी गाय को कीचड़ से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाईतथा गाय को हरा चारा खिलाकर पानी पिलायोइस मूक प्राणियों के प्रति करुणा भाव के कार्य मे विद्यालय के करुणा क्लब प्रभारी अशोक कुमार सेन विद्यालय स्टॉफ के लक्ष्मण सिंह देवड़ा , अनिल कुमार व्यास और करुणा क्लब के सदस्य छात्रों सीताराम माली ,मंगल जाट, कन्हैया लाल तेली, कालू लाल गुर्जर, किशन गुर्जर, फरमान खान ,दुर्गा लाल गुर्जर, राजू लाल गुर्जर ,देबी लाल जाट, रामकिशन जाट, विनोद बलाई, हरि ओम माली, सूरज गुर्जर,उमेश जाट और योगराज जाट ने जी-जान लगाकर सहयोग कियो इस मूक प्राणियों के प्रति दया भाव के कार्य की प्रधानाचार्य राकेश भंडिया व करुणा केंद्र भीलवाड़ा के संरक्षक प्रेम शंकर जोशी ने भूरी भूरी प्रशंसा की तथा आगे भी इस तरह के जीव दया के नेक कार्यो के लिए हमेशा तैयार रहने का आग्रह किया।

पर्वतारोही दुल्हन नें रचाई शादी, दहेज ना लेने व ना देने का दिया सन्देश

गरीबों का सितारा

जयपुर (विनोद धायल)। जयपुर-सीकर राजमार्ग पर एक निजी गार्डन में आयोजित एक इंजीनियर व एम.एस. (लंदन)एंटरप्रेन्योर के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्राण्ड एम्बेसेडर, पर्वतारोही एवं इंजीनियर दुल्हन के साथ विवाह रचाया जिससे पुराने जमाने में खाने की वस्तुओं को ताजा रखने के लिए एक मिट्टी की ओबरी होती थी वैसे ही एक फीट की ओबरी दहेज में लेकर विवाह रचाया तथा पर्यावरण को बचाने ,दहेज ना लेनें तथा पुरानीं परंपराओं को बचाये रखने का सन्देश दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम नाँगल पुरोहित में परसवालों की ढाणी निवासी पूर्व जिला पार्षद मंजु चौधरीं के पुत्र शिवेन जो इंजीनियर व एम.एस ने गुरुवार को सीकर ज़िले के प्रतापपूरा खंडेला निवासी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांडएम्बेसेडर , पर्वतारोही एवं इंजीनियर लड़की रजनी चौधरी से दहेज में एक फिट की ओबारी लेकर विवाह रचाया जिससे दहेज ना लेने व ना देने का एक संदेश समाज को दिया साथ ही पुरानी परंपराओं को जीवित रखने तथा मिट्टी की ओबारी से पर्यावरण को बचाने का संदेश भी दिया , लड़के की माँ पू० पार्षद मंजु चौधरी ने बताया कि समाज में दहेज के लालची लोग , लड़कियो के आगे बढ़नें में रोड़ा बनते हैं माँ बाप लड़की को पढ़ाने लिखने में ज्यादा खर्चा ना करके पैसा दहेज के लिए बचाते रहते हैं और इसी कारण ना लड़की अपनी योग्यता अनुसार कुछ कर पाती है ना आगे चलकर दहेज का विरोध कर पाती हैं विवाह में दहेज के रूप में खर्च होने वाला पैसा लड़की की शिक्षा दीक्षा में खर्च होना चाहिए दहेज लेने और देने की दोनो ही प्रक्रिया गलत है गोरतलब हैं की सीकर ज़िले की रजनी चौधरीं महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम चलाती हैं तथा दुनिया के 4 सबसे उच्चे पहाड़ पर चढ़ाकर अपने गाँव का नाम रोशन किया हैं।

अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान 13 मार्च को जयपुर में निकालेंगे तिरंगा यात्रा

आम आदमी पार्टी की 13 मार्च को होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर हुई अहम बैठक

गरीबों का सितारा

जयपुर, (विनोद धायल)। आगामी 13 मार्च को आम आदमी पार्टी के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राजस्थान की राजधानी जयपुर में तिरंगा यात्रा निकालने जा रहे हैं।आप के डॉ सुनील धायल ने बताया कि तिरंगा यात्रा की तैयारियों के लिए शुक्रवार को एक अहम बैठक हुई और इसमें अधिक से अधिक संख्या में आम आदमी पार्टी के समर्थकों को लाने और तिरंगा यात्रा की वयवस्था के बारे में चर्चा की गई। सभी ने मिलकर निर्णय लिया कि 13 मार्च को हम अपने अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों को आम आदमी पार्टी के कार्यों के बारे में अवगत कराकर और आम आदमी पार्टी की राजस्थान को लेकर भावी योजनाओं के बारे में बता कर तिरंगा यात्रा में शामिल होने का न्योता देंगे । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक और राजस्थान चुनाव प्रभारी विनय मिश्रा 6 दिन के राजस्थान के दौरे पर हैं और हर संभाग स्तर पर जाकर पार्टी कार्यकताओं से संवाद कर रहे हैं। बैठक में मौजूद सभी आप नेताओं ने सामूहिक निर्णय लिया कि हमें अपने अपने स्तर पर तैयारियां करके इस यात्रा को सफल बनाना है और राजस्थान भर में संदेश देना है कि कांग्रेस और बीजेपी के अलावा राजस्थान वासियों के लिए एक नया विकल्प, नई युवा पार्टी, प्रगतिशील राजनीति करने वाली आम आदमी पार्टी आपके समक्ष है। बैठक में पूर्व जिला जज पी एस तोमर, टीम वंदे मातरम् के संयोजक दीनदयाल जाखड़, एमके सिंह, गिरधारी सेपट, शिवराम महला, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी और आप नेत्री डॉ शारदा चौधरी, डॉ सुनील धायल,सतेंदर राव, राजपाल फोगावट, अभिषेक मान, अरविंद राज उपस्थित रहे।

स्कूल मे वार्षिकोत्सव व प्रतिभावन सम्मान समारोह और भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

गरीबों का सितारा

रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना। अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के रा.उ.मा. पाडा विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभावन पुरूस्कार वितरण और भामाशाह सम्मान समारोह मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि जोहरी लाल मीणा विधायक राजगढ़- लक्ष्मणगढ़ रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय प्रधानाचार्य रामकेश मीना के द्वारा की गई और विशिष्ट अतिथि के तौर पर रैणी प्रधान मीरा मांगेलाल मीना व पूर्व सरपंच मन्नु राम मीना व गांव के गणमान्य नागरिक रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथी स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस प्रतिभावन विधार्थियो को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं विधार्थियो के द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। भामाशाहो का भी मान सम्मान किया गया। स्थानीय प्रधानाचार्य रामकेश मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को लगातार पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और अपने लक्ष्य को हासिल करने की सलाह दी गई। इस दौरान गांव के अनेक गणमान्य ग्रामीण नागरिक व अभिभावक और पंच पटेल भी मौजूद रहे और सारा शाला स्टाफ मौजूद रहा।मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय प्रधानाचार्य रामकेश मीना के द्वारा दी गई है।

नागौर भाजपा के भीष्म पितामह हरिश्चंद्र कुमावत पंचतत्व में विलीन

नगरपालिका में कनिष्ठ अभियंता की नौकरी छोड़कर 40 वर्ष पहले कुचामन नगरपालिका के चेयरमैन बने थे

हरिश्चंद्र पार्टी की मीटिंगों में गीत भी गाते थे "अब जाग उठो कमर कस, मंजिल की राह बुलाती है"

गरीबों का सितारा

दांतारामगढ़/कुचामनसिटी। (नरेश कुमावत)। राजनीति में अपनी अलग ही पहचान रखने वाले भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता हरिश चंद्र कुमावत का शुक्रवार को 79 वर्ष की आयु में कुचामन सिटी में निधन हो गया वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। हरिश्चंद्र का जन्म 3 अप्रैल 1944 को कुचामन सिटी में हुवा, आपके पिता का नाम दूली चंद मारवाल (कुमावत) था जो उस्ताजी के नाम से जाने जाते थे, कुमावत ने वर्ष 1962 में जवाहर हाई स्कूल से मेट्रिक पास की उसके बाद वर्ष 1966 में पोलेटेकनिक कॉलेज अजमेर से सिविल इंजीनियर की डिग्री प्राप्त की एवं नगरपालिका में कनिष्ठ अभियंता पद पर नियुक्त हो गए, राजकीय सेवा से त्यागपत्र देकर वर्ष 1982 में नगरपालिका कुचामन सिटी से पार्षद का चुनाव भाजपा के टिकिट पर लड़ा एवं विजयी होकर कुचामन सिटी नगरपालिका के भारतीय जनता पार्टी के प्रथम चेयरमैन बने, कुचामन सिटी नगरपालिका को राजस्थान की सर्वश्रेष्ठ नगरपालिका बनाया जिसके परिणामस्वरूप 40 वर्षो तक नगरपालिका की बागडोर भारतीय जनता पार्टी के पास रही, भारतीय जनता पार्टी की स्थापना वर्ष 1980 में हुई, पार्टी स्थापना के बाद विधान सभा चुनाव वर्ष 1985 में आपने नावां विधान सभा क्षेत्र से चुनाव जीत कर पहली बार विधान सभा में पहुंचे, वर्ष 1990 में दूसरी बार, वर्ष 1998 में तीसरी बार एवं वर्ष 2003 में चौथी मर्तबा नांवा का भाजपा विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व किया।आपने वर्ष 1994 का लोक सभा चुनाव मारवाड़ के दिग्गज राजनेता नाथूराम मिर्धा के सामने लड़ा था।नाथूराम मिर्धा आपसे बहुत स्नेह रखते थे बाबा नाम से विख्यात नाथूराम ने हरिश जी को अपना गोद बेटा बताते हुए आपके प्रथम विधान सभा चुनाव में अपनी पगड़ी हरिश के सिर पर रख कर कहा की मेरा गोद का बेटा है मेरी पगड़ी की बात मत गवा देना, हरिश विजयी रहे।नागौर जिले में भारतीय जनता पार्टी को गांव गांव, ढाणी ढाणी तक पहुंचाने का श्रेय हरिश को ही जाता है, आप नागौर भाजपा के 9 बार सर्वसम्मति अध्यक्ष रहे एवं संगठन को मजबूती प्रदान की, संगठन के कार्यों में आपका मुकाबला कोई कर ही नही सकता था, पूर्णरूपेण पार्टी के लिए समर्पित थे, राजनीति में आरोप लगाना आम बात पर 40 वर्षो के लम्बे राजनेतिक जीवन में आप पर कोई आरोप नही था, आपकी ईमानदारी, सादगी एवम मृदु व्यवहार की प्रतिपक्षी भी तारीफ करते रहे ह।पार्टी का उच्च नेतृत्व भी आपका पूरा सम्मान करता था, दांतारामगढ़ विधान सभा क्षेत्र से आपको वर्ष 2013 में एवं वर्ष 2018 में पार्टी ने टिकिट देकर चुनाव लड़ाया पर दोनो ही बार मामूली अंतर से चुनाव हार गए।नगरपालिका कुचामन सिटी के आप 2015 में भी चेयरमैन रहे एवं वर्ष 2018 में आपकी धर्मपत्नी यशोदा देवी चेयरमैन बनी एवं आप वाइस चेयरमैन रहे।आपको भारतीय जनता पार्टी के शासन काल वसुंधरा राजे ने शिल्प एवं माटी कला बोर्ड का चेयरमैन बनाया एवं राज्य मंत्री का दर्जा दिया।भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह पर सर्वाधिक चुनाव लडने एवं सर्वाधिक बार जिलाध्यक्ष रहने का आपका रिकॉर्ड रहा है, राजनीति एवं निजी जीवन में आप अजातशत्रु रहे, आपने सभी से दोस्ताना व्यवहार रखा, आप विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के निष्ठावान स्वयं सेवक रहे, संघ के संस्कारों को जीवन में उतारा, कभी भी अपने सिद्धांतों से समझोता नहीं किया, कभी गलत कार्य का समर्थन नही किया, जो कार्य विधि सम्मत होता आप घर बैठे ही करवा देते पर नहीं होने वाले काम के बारे में तुरंत मना कर देते थे।पूर्ण सात्विक जीवन जिया जैन मुनिश्री से प्रभावित होकर आप सूर्यास्त से पूर्व ही भोजन करते थे इस प्रतिज्ञा को जीवन पर्यंत निभाया, आप बनावटी बात कभी नही करते थे, व्यक्तिगत कार्यों की बजाय सार्वजनिक कार्यों को ज्यादा महत्व देते थे, हर कार्य लिखित में करते थे, आपने क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर खूब जन आंदोलन किए। एडवोकेट रमेश पारीक ने बताया की घाटवा में पेयजल की भयंकर समस्या थी, जिसके समाधान के लिए घाटवा भाजपा के कार्यकर्ता स्व मुरलीमनोहर जी पारीक ने लंबी अवधि तक आंदोलन किया, आप भी 5 दिनों तक आमरण अनशन पर रहे जिस कारण राज्य सरकार को झुकना पड़ा एवं क्षेत्र की जन समस्या का निराकरण हुवा।संघ से जुड़ाव होने के कारण आप सवेरे जल्दी उठ कर योग एवं प्राणायाम करते थे, पार्टी की मीटिंग में गीत भी गाते"अब जाग उठो कमर कसो, मंजिल की राह बुलाती है" आज भी हमारे कानो में गूंजता है।संगठन की मीटिंग में नियमित आते थे, सभी कार्यकताओं की बात सुनते थे, कार्यकताओं पर कभी गुस्सा नही किया, समझाने का अलग ही तरीका था, प्रत्येक कार्यकर्ता पर नजर रखते थे, मार्गदर्शन करते थे।लंबा राजनेतिक जीवन बेदाग छवि के साथ जीया, जीवन में मित्र ही बनाए, मतभेद रखने वालो से भी कभी मनभेद नही रखा। हरिश्चंद्र पंचतत्व में विलीन हो गए इनकी अंतिम यात्रा में नागौर जिले सहित आसपास के जिलों के काफी संख्या में पकक्ष -विपक्ष के रामनिवास गावड़िया विधायक परबतसर, निर्मल कुमावत विधायक फुलेरा, खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक नांवा विजयसिंह चौधरी, मकराना विधायक रुपाराम मुरावतिया, सीकर भाजपा नेता हरिराम रणवा, पूर्व मंत्री वासुदेव देवनानी, पूर्व जिला प्रमुख सुनिता चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों सहित हजारों कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

जोधपुर में एडवोकेट की हुई निर्मम हत्या के विरोध में

बार एसोसिएशन चौमूं के पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान सरकार से हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की उठाई मांग

गरीबों का सितारा

चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)। बार एसोसिएशन चौमूं के पदाधिकारी एवं सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बार अध्यक्ष हेमाराम चौधरी के नेतृत्व में विगत 18 फरवरी को जोधपुर में हाईकोर्ट के अधिवक्ता जुगराज सिंह चौहान की हुई निर्मम हत्या के विरोध में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल लागू करने की मांग को लेकर शहर के थाना चौराहे से बस स्टैंड तक हाथों में तख्तियां लेकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करो, हत्यारों को गिरफ्तार करो, वकील एकता जिंदाबाद जैसे नारे लगाते हुए रैली निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान वकील की निर्मम हत्या से गुस्साए अधिवक्ताओं ने सरकार से हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। साथ ही मृतक अधिवक्ता के परिजनों को मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने की मांग भी की। बता दे की विगत 18 फरवरी 2023 को जोधपुर में दिन दहाड़े हत्यारों द्वारा हाईकोर्ट के अधिवक्ता जुगराज सिंह चौहान की चाकुओं से गोदकर व पत्थरों से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। जिसके विरोध में प्रदेश भर के अधिवक्ता पिछले करीब 6 दिन से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर हैं एवं प्रदेश में जगह जगह हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे है। इस मौके पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष हेमाराम चौधरी कहा कि सरकार द्वारा जब तक सभी हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर लिया जाता साथ ही अधिवक्ताओं की सुरक्षार्थ एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगी। प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष हेमाराम चौधरी, महासचिव महेंद्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष ग्यारसी लाल जाट, पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी, पूर्व महासचिव पवन कुमार प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पालावत, एडवोकेट बीनू शर्मा, संजय प्रधान, राजेश यादव , अमित शर्मा, दिनेश चौधरी, प्रदीप शर्मा , राजकुमार बराला, सुरेंद्र शेखावत, कृपा शंकर शर्मा, गिर्राज बागोरिया, दुर्गा शंकर शर्मा ,बाबूलाल कुड़ी सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

वेलकम आईटीआई में हुआ रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया

26 फरवरी को आयोजित होने होगा रक्तदान शिविर

विशाल रक्तदान शिविर
युवान चाईल्ड एण्ड जनरल हॉस्पिटल
26

गरीबों का सितारा

जयपुर। हाथोंज क्षेत्र के वेलकम निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई टी आई) में युवान चाइल्ड हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. बृजपाल सिंह द्वारा 26 फरवरी को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन किया गया इस मौके पर संस्था निदेशक रामनिवास चौधरी ने भी सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस रक्तदान शिविर से जुड़ने का आग्रह किया और इसके महत्व को समझाया।इस पोस्टर विमोचन के समय संस्थान के सह निदेशक भागीरथ चौधरी, संस्थान अधीक्षक नवरत्न यादव वरिष्ठ अनुदेशक रामस्वरूप कुमावत, राजेश यादव, रमेश चंद जाट, सरवन लाल यादव, मंगल चंद कुम्हार हनुमान जाट, अशोक एव संस्थान के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी एनआईए के दूसरे दिन हुआ आयुर्वेद चिकित्सा में रस औषधियों के महत्व पर मंथन

अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी तीन दिन तक रहेगी जारी

गरीबों का सितारा

जयपुर। रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग द्वारा आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल साईस पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ केन्द्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ मुंजपरा महेंद्रभाई कालूभाई, आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा, एनसीआईएसएम चैयरमेन वैद्य जंयत देव पुजारी, एनआईए कुलपति प्रो. संजीव शर्मा व प्रो वाईस चांसलर प्रो. मीता कोटेचा ने किया। रस शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी तीन दिन तक जारी रहेगी। संगौष्ठी के दूसरे दिन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में रसौषधियों के महत्व, निर्माण ,प्रयोग इत्यादि पर प्रो. एल.के द्विवेदी, प्रो.के शंकर राव, प्रो.रवी नारायण आचार्या, प्रो अस्मिता वेले, डॉ मीनाक्षी नेगी, डॉ श्रीराम सावरीकर, डॉ रमन मोहन सिंह व अन्य मुख्य अतिथि वक्ताओं ने विभिन्न विषयों को लेकर अध्येताओं को विस्तार पूर्वक बताया। आयुर्वेद विशेषज्ञों ने बताया कि आयुर्वेदीय चिकित्सा शास्त्र में अनेकों प्रकार के रोगों को ठीक करने हेतु प्रभावकारी औषधियों का भण्डार है। इसके साथ साथ अनेकों प्रकार के रस रसायन संपूर्ण रुप से शास्त्रीय युक्त प्रमाणों के साथ विकसित किये गये है जो वर्तमान समय मे उपयोगी सिद्ध हो रहे है। वक्ताओं ने कहा कि आयुर्वेद एक सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान है। आयुवेर्दीय रस औषधिय योगों पर आधुनिक वैज्ञानिक मापदंडो पर अध्ययन कर अनेकों शोधपत्र पिछले काफी वर्षो में प्रकाशित हुए है। जो इनकी व्याधि हरण की क्षमता , प्रभाविता ,सुरक्षा ,सरक्षा को स्थापित करते हुए इनके निर्मूल हानि रहित चिकित्सकीय प्रभाव को स्थापित करते है कविभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगौष्ठी में रस शास्त्र विभाग द्वारा आयुर्वेदिय स्कालर्स के ज्ञानवर्धन हेतु नयी पुस्तकों का विमोचन भी किया गया है। तथा संगौष्ठी में भाग लेने वाले स्कालर्स भी पैपर व पोस्टर प्रजंनटेशन के माध्यम से उपयोगी जानकारी लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

राजकीय महाविद्यालय बस्सी में छात्राओं को की गई स्कूटीया

कालीबाई भील एवं देवनारायण योजना के अंतर्गत मिली सफलता

गरीबों का सितारा

श्री राधे मोटर्स
बस्सी, जयपुर
303301
RJ1
K78
Shot on GT Master

बस्सी (रामफूल मीणा)। शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय बस्सी में योजना के अंतर्गत कालीबाई भील मेधावी छात्रा एवं देवनारायण स्कूटी सत्र 2020-21 के वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण मीणा रहे और कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीव प्रज्वलन से हुआ ।महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुतीकरण के साथ अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया गया और इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुजाता चौहान ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए लगातार बढ़ते हुए विद्यार्थियों की संख्या एवं नये खुले संकाय एवं विषयों की जानकारी के साथ वर्षपर्यंत की गतिविधियों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी ।डॉ हेमलता मीणा सह- आचार्य द्वारा तैयार पीपीटी में महाविद्यालय की सभी जानकारी एवं वार्षिक गतिविधियों का सुंदर प्रस्तुतिकरण रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मण मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि वे बस्सी क्षेत्र में शिक्षण कार्य को उच्च कोटि तक पहुँचाने में प्रयासरत हैं और इन्ही प्रयासो के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय, बस्सी को स्नातकोत्तर बनाना, छात्राओं की शैक्षणिक प्रतिभा का विकास करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान करने के लिए बांसखोह में महिला महाविद्यालय खोला जा चुका है और विधायक ने बताया कि रोजगारोन्मुख शिक्षा की शुरूआत के रूप में डेयरी टेक्नोलॉजी और फूड टेक्नोलॉजी दो विषय के लिए महाविद्यालय स्थापित हो चुका है । उन्होने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में डेयरी एवं फूड विषय पर शिक्षण, प्रशिक्षण के साथ शोध पर भी जोर दिया जा रहा है जिससे इस क्षेत्र का विकास कर विद्यार्थी जहाँ रोजगार प्राप्त कर सकते हैं वही अपना स्वयं की व्यावसायिक क्रियाएँ भी कर सकते हैं और उन्होंने यह भी बताया की कानोता में अतिरिक्त महाविद्यालय एवं बस्सी क्षेत्र में पशु चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी इस बजट में हो चुकी है। महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा अपनी प्रयोगशालाओ की समस्याओं से विधायक महोदय को अवगत कराने पर विधायक ने सरलता से विद्यार्थियों की समस्या का निवारण करते हुए 4, लाख रुपये प्रयोगशाला निर्माण के लिए देने की घोषणा करते हुए कहा कि महाविद्यालय का भवन अगले सत्र तक तैयार हो जाएगा और इस दौरान स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए विधायक ने कहा कि उनके लिए बस्सी क्षेत्र की सड़कों को सही करने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है और इस दौरान डॉ. गजेन्द्र जैन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि राजकीय महाविद्यालय बस्सी को स्कूटी वितरण का नोडल महाविद्यालय बनाया गया है ,जहाँ 12 निजी महाविद्यालयों सहित कुल 152 स्कूटियों का वितरण किया जाना है और इस दौरान महाविद्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

शिक्षक राष्ट्रीय निमार्ता : बिजारणियां

MAHATMA GANDHI GOVT. SCHOOL, PALSANA
ANNUAL FUNCTION

गरीबों का सितारा

दांतारामगढ़, (विनोद धायल)। पलसाना कस्बे में स्थित है महात्मा गांधी विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया विद्यालय के विद्यार्थी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता समाजसेवी भरतराज ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन सुभाष सिंह बिजारणिया रहे जिन्होंने कहा कि एक शिक्षक राष्ट्रीय निमार्ता होता है जो बच्चों को पढ़ा-लिखा कर राष्ट्र निर्माण हैं के लिए तैयार करता है और वही बच्चे आगे जाकर राष्ट्र का निर्माण करते हैं एवं मंगल चंद मीणा ने बताया कि शिक्षा व्यक्ति की सबसे बड़ी संपत्ति होती है इससे व्यक्ति जीवन की दिशा और दशा को तय कर सकता है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी माली राम अग्रवाल वरिष्ठ अतिथि रामनिवास विजयवर्गीय मंगलचंद मीणा (पूर्व पुलिस अधिकारी)ओम प्रकाश अग्रवाल हरदेव बिजारणिया संजय अग्रवाल नेमीचंद मीणा महेंद्र सिंह शेखावत सीताराम भंवरिया एवं अनेक ग्रामीण जन मौजूद रहे कार्यक्रम के समापन की घोषणा प्रधानाचार्य ने की और समस्त आगंतुक महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कानिया विधालय में विधार्थियो को राजस्थान सरकार का वर्ष 2023 का कैलेंडर वितरण किया

गरीबों का सितारा

माध्यमिक
विद्यालय कानिया

गुलाबपुरा। रामकिशन वैष्णव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कानिया में छात्र- छात्रों को राजस्थान सरकार का वर्ष 2023 का कैलेंडर वितरित किया गया ! इस दौरान प्रधानाचार्य मंजू देवी मीणा, रामरतन पारीक, धर्म प्रकाश शर्मा, ज्ञान प्रकाश नागला, शिवराज धूलिया, देवपाल शर्मा सहित मौजूद थे।

किसान आयोग अध्यक्ष महादेव सिंह खंडेला की उपस्थिति में हुआ किसान सम्मेलन का आयोजन

गरीबों का सितारा

साधना सेठी, सीकर। कृषि विज्ञान केंद्र, फतेहपुर द्वारा शुक्रवार को ग्राम बावड़ी में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसान आयोग के अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री महादेव सिंह खंडेला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने की। इस दौरान किसान आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए बहुत से कार्य कर रही है व किसानों को विभिन्न प्रकार के खेती संसाधन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों के पास पहुचाने का प्रयास किया जा रहा है। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने कहा कि देश के कृषि विज्ञान केंद्र आत्मनिर्भर भारत बनाने एवं किसान समृद्धि के मुख्य केंद्र बिंदु है। किसानों की आय और उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रयोगशालाओं में विकसित नई कृषि तकनीकों एवं उन्नत कृषि क्रियाओं को किसानों तक पहुंचाने एवं किसानों की समस्याओं के समाधान में कृषि विज्ञान केंद्रों की अहम भूमिका है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. सुदेश कुमार, निदेशक प्रसार शिक्षा श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्विधालय जोबनेर ने बताया कि इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत 8 कृषि विज्ञान केंद्र है जिसमें से 2 सीकर जिले में है। उन्होंने बताया कि सीकर जिले का दूसरा कृषि विज्ञान केंद्र रींगस के पास अरनियां गांव में 20 हेक्टयर भूमि पर संचालित है इसलिए दांतारामगढ़, श्रीमाधोपुर एवं नीमकाथाना क्षेत्र के किसानों को अब खेती संबंधित उन्नत तकनिकी जानकारी प्राप्त करने के लिए फतेहपुर नहीं जाना पड़ेगा। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. आर के दुलड़ ने अनुसूचित जाती उप-योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को खेती संबंधी तकनीकी जानकारी एवं प्रशिक्षण देने के साथ–साथ निःशुल्क खाद- बीज, कृषि उपकरण, फलदार पौधे व सब्जियों की नर्सरी आदि उपलब्ध कराए जा रहे है। कार्यक्रम में 300 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस दौरान संयुक्त निदेशक रामनिवास पालीवाल ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. लालाराम, डॉ. महेश चौधरी, भागीरथ सबल, रामचंद्र बाजिया, मुकेश बावलिया, दीपाराम उपस्थित रहे।

कुम्हार समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अशोक प्रजापत का सैन समाज और टीम बीपीएचओ के सुरेंद्र भोभारिया ने किया सम्मान

गरीबों का सितारा

उमेश कुमार मोदी/बीकानेर। कुम्हार समाज के भारतीय प्रजापति हीरोज ऑगेर्नाइजेशन राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद एडवोकेट अशोक प्रजापत का भारतीय प्रजापति हीरोज ऑगेर्नाइजेशन बीकानेर के सुरेंद्र प्रजापत और सैन समाज द्वारा साफा,शॉल ओढ़ाकर माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया बीपीएचओ के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशन सवाल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र भोभारिया के निवास स्थान पर टीम हीरोज बी पी एच ओ द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। बीपीएचओ जिलाध्यक्ष टी सी कुमावत ने बताया कि स्वागत करने वालों में पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र प्रजापत, उपभोक्ता पारितोषिक न्यायालय के जज दीनदयाल प्रजापति, हीरोज के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किशन संवाल,बादनू सरपंच मालाराम नागा, डॉक्टर मनोज संवाल,हीरोज कोषाध्यक्ष आसुराम बोबरवाल सुरधना, मदनलाल माहर, अर्जुन कुमावत मिठाडिया, मास्टर भंवर लाल लिंबा, प्रिंस प्रजापत,वीर आदि सहित कई सामाजिक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सैन समाज द्वारा जस्सूसर गेट पर एडवोकेट अशोक प्रजापत का स्वागत किया गया गोपी चंद सेन ने बताया कि कुम्हार समाज का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आज ग्राम पंचायत नाइयों की बस्ती और ग्राम पंचायत देवड़ा की ढाणी के निवासी द्वारा एडवोकेट अशोक प्रजापत का साफा,शॉल,और मालाए पहना कर लड्डू खिलाकर स्वागत किया गया। गोपाल राम सेन ने बताया कि अशोक प्रजापत केवल कुम्हारों के नहीं बल्कि समस्त ओबीसी समाज के नेता है वे सब का सामान रूप से ध्यान रखते हैं ओबीसी के दुख सुख और पीड़ा में काम आते हैं जब भी किसी के साथ कोई अत्याचार होता है तो अशोक प्रजापत सर्व समाज के साथ खड़े दिखते हैं इस कारण आज उनका सम्मान करते हुए हमें अत्यंत हर्ष हो रहा है सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से गोपाल राम सेन, रामलाल भाटी, गोपीचंद सेन,भंवर सिंह रणजीरोत,दिलीप कुमार सेन सियाणा, शिव कुमार भाटी, ललित नारायण शर्मा, अमर सिंह राठौड़, प्रेम रतन सेन आदि ग्रामीणों ने स्वागत किया।

एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर दि बार एसोसिएशन बस्सी के अधिवक्ताओं ने निकाला

गरीबों का सितारा

जुलूस, बस्सी (रामफूल मीणा)। जोधपुर में सरेआम वकील की चाकुओं से गोदकर हत्या किए जाने के पश्चात मृतक के परिजनों को विशेष आर्थिक पैकेज, परिजनों को न्याय दिलाने व एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर बस्सी के अधिवक्ताओं ने पांचवें दिन भी न्यायिक कार्यों का बहिष्कार रहा और दी बार एसोसिएशन बस्सी के अध्यक्ष राजेश शर्मा और महासचिव मनीष शर्मा ने बताया कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर दी बार एसोसिएशन बस्सी के तत्वाधान में वकीलों ने नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और अधिवक्तागणों ने न्यायिक न्यायालय परिसर बस्सी से इकट्ठे होकर उपखंड अधिकारी कार्यालय बस्सी तक प्रदर्शन किया और इस दौरान अधिवक्ताओं ने स्टेट हाईवे संख्या 24 पर संकेतिक प्रदर्शन कर रास्ता जाम भी किया और रास्ता जाम होने से सड़क के दोनों और वाहनो की कतार लग गई और बाद में वरिष्ठ अधिवक्ता रामगोपाल मिश्रा, राजस्व बार अध्यक्ष राजाराम जाट, पूर्व अध्यक्ष अमरीश शर्मा, सूरज सैनी, सनातन पारीक व राजाराम मीना ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए अधिवक्ता संरक्षण कानून को तत्काल विधानसभा में पारित करने की माँग उठाई और इस अवसर पर बार उपाध्यक्ष श्याम मिश्रा, राजाराम सोलंकी, कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, कैलाश शर्मा, दिनेश शर्मा, विकाश शर्मा, रमेश शर्मा, सुधीर शर्मा, अर्जुन मीना, रवि प्रजापति, बाबूलाल मीना, द्वारिका सैन, पवन शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

अन्नदाताओं का महाकुंभ

फतेहपुर तहसील क्षेत्र के गांवों में पहुंची संदेश यात्रा

गरीबों का सितारा

साधना सेठी, सीकर। श्री प्रताप फाउंडेशन द्वारा तारीख 26 फरवरी को आयोजित होने वाले किसान सम्मेलन का संदेश जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न गांवों में निकाली जा रही संदेश यात्रा आज फतेहपुर माडेला बड़ा,कारंगा छोटा,कारंगा बड़ा , दांतरु, चाचीवाद छोटा, मरल्डाटु , कल्याणपुरा, शेखीसर ,रोलसाहबसर , फतेहपुर, हिरणा , रामगढ़, बारी,नारी , गरण्डवा, ढाकास, शहनुसर , खोटिया, तिहावली,आदि गांवों में गई । श्री प्रताप फाउंडेशन के प्रवक्ता बृजेंद्र सिंह सांवलोदा ने बताया की इस संदेश यात्रा मे आशु सिंह कारंगा, भगवान सिंह कारंगा, दुर्जन सिंह रोलसाहब सर, नन्द सिंह निम्बी जौधा, हिम्मत सिंह बेरी, छात्र नेता नवरंग सिंह चिराना, देवेन्द्र सिंह छिछास, योगेश सिंह, सूर्यदेव सिंह तिहावली, जयदीप सिंह नुवा, मानवेन्द्र सिंह चिराना ,श्रवण सिंह बिराणिया, जितेन्द्र सिंह कारगा, मगन सिंह ढाकास ,लादु सिंह शहनुसर, पदम सिंह शेखीसर , नरपत सिंह, सुनिल सिंह हिरणा साथ रहे। इस संदेश यात्रा का ग्रामीण जनों ने गरम जोशी से स्वागत किया, किसानो की समस्या को लेकर सुझाव दिए और श्री प्रताप फाउंडेशन की इस ऐतिहासिक ओर अनूठी पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की ओर इस सम्मेलन में सम्मलित होने का पूरा भरोसा दिया।

Host Partner H&K INNOVATIONS · KUBER · A23 Presents · Happy Happy · CCL Celebrity Cricket League · Management By ATUL · AKPi PRODUCTIONS by AMIT K PUROHIT

Celebrity Cricket League

जयपुर में 100+ फिल्मी सितारे खेलेंगे क्रिकेट

S.M.S. Stadium, Jaipur

25-26 February, 2023

1 टिकट से 1 दिन में 2 मैच का आनंद लिजिए

Scan for Book Tickets

टिकट ₹500 से शुरु

25 February, 2023
Chennai Rhinos vs Bhojpuri Dabanggs — From: 2:30 PM to 6:30 PM
Bengal Tigers vs Telugu Warriors — From: 7:00 PM to 11:00 PM

26 February, 2023
Kerala Strikers vs Karnataka Bulldozers — From: 2:30 PM to 6:30 PM
Punjab De Sher vs Mumbai Heroes — From: 7:00 PM to 11:00 PM

For Sponsorships & Branding Ph: 97827-11111, 90574-66997

TICKETS AVAILABLE AT • C-Scheme - E-16, Gokhle Marg Ph: 9829052426 • Trinity Mall (4th Floor) Ph: 9875774744 • Mansarovar - Chopra Farms Ph: 9057466997 • Sodala - Rajlaxmi Mahila Urban Co. Bank (New Sanganer Road) Ph: 8875011226 • Tripolia Bazar - Rajlaxmi Mahila Urban Co. Bank Ph: 8875011226 • Malviya Nagar - 9/1 samriddhi clinic Ph: 9829213068 • Rajapark- Menu Dresses Ph: 9314873711 • Malviya Nagar - GVD, Rajapark - Pink Square Mall Ph: 6375894158 • Gandhi Nagar (Lal Kothi) - The Ware House Cafe, Vaishali Nagar - Coffee & Crushed Cafe (Chitrakoot) Ph: 9799999584 • GOPALPURA BYPASS, NEAR RIDHI SIDHI CIRCLE (DM 2) - Ph: 7300096332 • DUKIYA COMPLEX, NEAR GANDHI NAGAR RAILWAY STATION, TONK ROAD (DM 3) Ph: 7300096330 • 199, RAMGALI NO. 1, NEAR PANCHWATI CIRCLE, RAJAPARK (DM 4) Ph: 7300096334 • PLOT NO. 44, CHITRAKOOT MARG, TAGORE NAGAR, VAISHALI (DM 5) NAGAR Ph: 7300096335 • 401, GOVINDRAV JI KA RASTA, CHANDPOL BAZAR (DM 6) Ph: 7300096516 • B-34, OPPOSITE RAM MANDIR,SIKAR HOUSE (DM7) Ph: 7300096337 • E-BLOCK, MOGI NAGAR,PRADHAAN MARG, MALVIYA NAGAR (DM 9) Ph: 7300096339 • CAPITAL HIGHSTREET,MAHAL ROAD, JAGATPURA (DM 11) Ph: 7300096518

KUBER · Venky's Nutrition · FIGHTOR · Vencobb · BILLY247 NEWS · Empire · SECURITY PARTNER Security Tiger · TICKET PARTNER Paytm insider · FASHION PARTNER Rajvesh · Medical Partner manipalhospitals LIFE'S ON · TICKETING PARTNER Mahesh | Rohit | Manoj · FOOD PARTNER JHANJHARI'S Jain Catering & Events · SUPPORTED BY SAMAN JANGID · FINE Acers · Bizzfit · Welfare Health JAIPUR · SAND DUNES CREATIONS · ELE Media · KBS

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com